भाद्रपद शुक्ल पक्ष-4, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 76 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

06 सितम्बर 2024 शुक्रवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

30 अधिकतम

23 न्यूनतम



Page- 7

# मुश्किलें बढ़ीं सेबी चीफ को तलब कर सकती है पीएसी, कामकाज की समीक्षा भी होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

हिंडनबर्ग के आरोपों के बाद बाजार नियामक सेबी चीफ माधरी पुरी बुच चर्चा और विवादों में हैं। अब एक के बाद एक आरोप इन पर लग रहे हैं। हालांकि अभी तक लगे सभी आरोपों को सेबी प्रमुख ने निराधार बताया है। बुच पर हिंडनबर्ग आरोप से लेकर ICICI बैंक से सैलरी लेने और फिर कर्मचारियों के लिए टॉक्सिक वर्क कल्चर जैसे कई गंभीर आरोप लग चुके हैं। कांग्रेस ने माधवी पुरी के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है व लगातार सेबी चीफ के पद से इस्तीफा देने की मांग कर रही है। अब खबर है कि सरकारी खर्चों पर निगरानी रखने वाली संस्था लोक लेखा समिति ने इस साल अपने एजेंडे में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रदर्शन की समीक्षा को शामिल करने का निर्णय लिया है। इस बारे में इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में कहा गया है कि संसदीय समिति ने अपना एजेंडा अधिसूचित कर दिया है और समीक्षा प्रक्रिया के दौरान वर्तमान सेबी प्रमुख को तलब कर सकती है।





### हिंडनबर्ग का आरोप

हिंडनबर्ग का आरोप था कि अडानी ग्रुप के विदेशी फंड में सेबी चीफ माधवी पुरी बुच व उनके पति की हिस्सेदारी है।

# कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन सेंसेक्स 850 अंक फिसला

**मुंबई, एजेंसी।**

इस कारोबारी हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज भारतीय शेयर बाजार में झटके लग रहे हैं। सेंसेक्स 850 अंक से ज्यादा की गिरावट के साथ 81,350 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 250 अंक की गिरावट है, ये 24,880 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इससे पहले भी ऐसे उतार के दौर आ चुके हैं। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में गिरावट और दो मे ही में तेजी है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 47 में गिरावट और 3 में तेजी है। एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स के शेयर्स गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं।

उधर एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में



0.24त्न और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 0.075प्रतिशत की गिरावट है। चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11त्न चढ़ा और कोरिया का कोस्पी 0.86त्न गिरा हुआ है। विदेशी निवेशकों ने 5 सितंबर को 688.69 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों (DIIs) ने 2,970.74 करोड़ के शेयर खरीदे।

## आसान नहीं है कार्यकारिणी बनाना: बोले कमलनाथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम कमलनाथ ने आज यहां मीडिया से चर्चा में मप्र कांग्रेस की कार्यकारिण के अब तक गठन नहीं हो पाने पर कहा-मप्र में यह काम आसान नहीं है, क्योंकि यह सिर्फ एक प्रदेश नहीं है बल्कि चार प्रदेशों से मिलकर बना है, लिहाजा समय तो लगता ही है। उन्होंने हाल में दिल्ली में शीर्ष नेताओं से मुलाकात पर कहा कि मैं कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता हूं और जो काम मुझे दिया जाता है वह मैं कर रहा हूं।



**उज्जैन कांड पर बवाल:** नाथ ने मप्र की कानून व्यवस्था पर तीखे सवाल उठाये और उज्जैन व छतरपुर की घटनाओं आदि को लेकर कहा कि लूट, बलात्कार आदि हर जिले में हो रहे हैं तथा कानून व्यवस्था ठप है। उज्जैन में सड़क किनारे महिला से दुष्कृत्य के मामले में सियासी बवाल भी मच गया है। कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मप्र में जंगलराज का आरोप लगाया है।

## भोपाल के प्रभारी मंत्री की बैठक तीसरी बार टली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हाल में प्रभारी बनाए गए मंत्री चैतन्य काश्यप की आज, शुक्रवार को होने वाली समीक्षा बैठक फिर कैंसिल हो गई है। प्रभार मिलने के बाद से अब तक वे अफसरो की बैठक नहीं ले सके हैं। तीसरी बार उनकी बैठक कैंसिल हो गई है। इससे पहले 30 अगस्त और 4 सितंबर को मीटिंग प्रस्तावित थी। इसमें वे कार्यों की समीक्षा करने वाले थे। मध्यम उद्यम मंत्री काश्यप की कलेक्टोरेट में समीक्षा बैठक होने वाली थी। बताया जाता है कि मंत्री उज्जैन में हैं। इसके चलते मीटिंग को स्थगित किया गया।



## बाराबंकी में सड़क हादसा पांच की मौत, तीन घायल

**बाराबंकी।** उप्र में बाराबंकी जिले के बड्डूपुर क्षेत्र में दो कार और एक ई रिक्शा के बीच हुयी भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। टक्कर के बाद बेकाबू कार सड़क के किनारे खाई में जा गिरी।

### हरियाणा में नए घटनाक्रम, चुनावी राज्यों के लिए सियासत सरगर्म

# चुनावी कुश्ती: विनेश व बजरंग कांग्रेस के लिए पंजा लड़ाएंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय कुश्ती के दो धाकड़ खिलाड़ी विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया आज कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। काफी समय से कयास लग रहे थे कि ये दोनों धाकड़ पहलवान कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। तीन दिन पहले ही दोनों ने राहुल गांधी से मुलाकात भी की थी। विनेश फोगाट को दादरी से टिकट दिया जा सकता है। वहीं, बजरंग पूनिया बादली से टिकट मांग रहे थे लेकिन कांग्रेस इस सीट की जगह उन्हें किसी जाट बहुल सीट से उतारने का प्लान कर रही है। यह भी संभव है कि बजरंग चुनाव न लड़कर सिर्फ प्रचार करें। विनेश फोगाट का संभावित राजनीतिक प्रवेश हरियाणा की राजनीति में एक बड़ा बदलाव ला सकता है। उनके खाप पंचायतों और किसानों के साथ मजबूत रिश्ते उन्हें चुनाव में बड़ा समर्थन दिला सकते हैं।



आगामी विधानसभा चुनाव में विनेश फोगाट की भूमिका हरियाणा की सियासत में एक अहम मोड़ साबित हो सकती है। विनेश ने हाल में ओलंलंपिक में चमत्कारी प्रदर्शन किया था लेकिन महज सौ ग्राम वजन कम होने से वे पदक व फाइनल मुकाबले से वंचित कर दी गई थीं। देशभर में उनके लिए सहानुभूति उमड़ी थी। हालांकि इससे भाजपा खेमे में हलचल है और वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कह दिया कि अगर विनेश देश की बेटी से कांग्रेस की बेटी बनना चाहती है, तो हमें क्या ऐतराज होगा। उन्होंने पहलवानों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पहले दिन से ही पहलवानों के पीछे थी और कांग्रेस के उकसाने से ही वो आंदोलन चल रहा था। हरियाणा विधानसभा चुनाव 5 अक्टूबर को होगा। वहीं, मतगणना 8 अक्टूबर को होगी

### आप विधायक कांग्रेस में

हरियाणा में गठबंधन की बातचीत के बीच दिल्ली में आम आदमी पार्टी को कांग्रेस ने झटका दिया है. आप विधायक और पूर्व मंत्री राजेंद्र पाल गौतम आज कांग्रेस में शामिल हो गए। इस मौके पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष देवेंद्र यादव और कांग्रेस नेता पवन खेड़ा मौजूद रहे।



### महाराष्ट्र में सीएम फेस पर पेंच



महाराष्ट्र में सीएम के चेहरे पर फैसला बाकी होने के चलते इंडिया गठबंधन के महत्वपूर्ण घटक शिवसेना नेता उध्दव ठाकरे कल राहुल गांधी के सांगली दौरे के दौरान रैली में नही पहुंचे। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, एनसीपी चीफ शरद पवार, शरद पवार गुट के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और राज्य से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस मौके पर मौजूद थे। यहां उनके गुट का कोई नेता राहुल गांधी की रैली में नहीं मौजूद था। माना जा रहा है कि शिवसेना चाहती है कि ठाकरे को भावी सीएम के तौर पर प्रोजेक्ट किया जाए।

## घोष के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**कोलकाता, एजेंसी।**


महिला डाक्टर से रेप व हत्या के मामला सामने आने के बाद आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें कम नहीं हो रहीं। अब उन पर वित्तीय गड़बड़ियों का आरोप है। इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट यानि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज कर लिया है और आज 6 ठिकानों पर छापा मारा। इसमें घोष का बेलियाघाटा वाला घर भी शामिल है। इसके अलावा एजेंसी हावड़ा और सुभाषग्राम में अन्य दो स्थानों पर भी छानबीन कर रही है। उधर इस मामले की जांच सीबीआई भी कर रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 13 अगस्त को सीबीआई को आरजी कर रेप-हत्या केस और अस्पताल में वित्तीय गड़बड़ी की जांच सौंपी थी। खिलाफ घोष की याचिका पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। उन्हें 2 सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह CBI कस्टडी में है। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग घोष को सस्पेंड कर चुका है। इससे पहले 28 अगस्त को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने संदीप घोष की सदस्यता रद्द कर दी थी।



## मुख्यमंत्री से मिले राज्यपाल व नाथ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पारिवारिक दुखद प्रसंग के बावजूद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज से अपने कामकाज की बागडोर थाम ली है। उनके पिता के निधन के चलते वे तीन दिन उज्जैन में रहने के बाद भोपाल लौट आए हैं और आज मंत्रालय में वाणिज्यिक कर व खनिज विभाग के अफसरों के विभागीय गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं। इसके बाद वे शाम को पिछडा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा करेंगे। आज सुबह उनके निवास पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ समेत मंत्रिमंडल के अनेक सदस्यों ने पहुंचकर पिता के निधन पर शोक व्यक्त किया और श्रध्दांजलि अर्पित की।



**मेट्रो एंकर**

### कई राज्यों में बारिश का कहर, लैंडस्लाइड और बाढ़ से बिगड़े हालात....

# मानसून के तेवर: छह लाख से ज्यादा बेघर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देशभर में मानसून का वेग अब लोगों को बुरी तरह परेशान कर रहा है। मौसम विभाग ने आज भी 18 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड के चमोली में बद्रीनाथ हाईवे पर आज सुबह लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ का आधा हिस्सा टूटकर सड़क पर गिर गया। दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतारें लगी हैं। राजस्थान में बारिश के 13 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इस मानसून सीजन, 1 जून से 5 सितंबर तक औसत 607.5 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि पूरे सीजन में 435.6 मिमी बारिश होती है। साल 2011 से 2023 तक कभी भी 600 मिमी बरसात नहीं हुई। राजस्थान के कई डैम ओवरफ्लो हो गए हैं। आज बीसलपुर बांध के गेट खोले जाएंगे। 04 से बीसलपुर बांध के गेट अब तक सिर्फ 6 बार ही खोले गए हैं।इधर मध्यप्रदेश में 1 जून से 5 सितंबर तक 904.9 मिमी बारिश हो चुकी है यह सालाना मानसून औसत से 10त्न ज्यादा है।



**भारी बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग ने कल भी पूर्वी राजस्थान, ओडिशा, असम, मेघालय में अतिभारी बारिश (12 सेमी) का अलर्ट जारी किया है।

### लोगों ने घर छोड़ा

आंध्र प्रदेश में अभी तक हालात समान्य नहीं हुए हैं। पिछले एक हफ्ते से लगातार भारी बारिश होने से कई जिलों में बाढ़ आ गई है। विजयवाड़ा में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं।सड़कें और घर जलमग्न हो गए हैं। राज्य में अब तक 17 लोगों की मौत हुई है। 6 लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ कर सुरक्षित जगहों पर शरण लिए हुए हैं। बाढ़ के कारण 3,973 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं। केंद्र सरकार ने राहत-बचाव के लिए 30 NDRF टीमों और हेलिकॉप्टरों को तैनात किया है। सेना की भी मदद ली जा रही है।

### मध्यप्रदेश को 10 तक राहत, उमस बढ़ेगी

मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन यानी 10 सितंबर तक तेज बारिश का दौर थमा रहेगा। इसकी वजह किसी स्ट्रॉन्ग सिस्टम का एक्टिव नहीं होना बताया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि एक मानसून ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण 10 सितंबर तक तेज बारिश की संभावना नहीं है। लोकल सिस्टम की वजह से पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो रही है। अगले 24 घंटे में यह दौर थमेगा। यह दौर थमने से उमस बढेगी। अलबत्ता आज सिर्फ डिंडौरी और बालाघाट में तेज बारिश हो सकती हैयहां 4 इंच तक बारिश का अनुमान है। बाकी जिलों में धूप-छांव और हल्की बारिश ही रहेगी।

## बराक ओबामा के भाई ने ट्रंप का किया समर्थन, लगाए आरोप



**वॉशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका के पूर्व राष्टपति बराक ओबामा के चचेरे भाई एबोंगो मलिक ओबामा ने डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करने का एलान किया है। मलिक ओबामा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने लिखा कि 'मैं मलिक ओबामा, मैं रिपब्लिकन पार्टी का पंजीकृत मतदाता हूं और मैं डोनाल्ड ट्रंप को वोट करूंगा।'

**'ट्रंप दिल से बोलते हैं':** बराक ओबामा के चचेरे भाई मलिक ओबामा ने जो बाइडन और हिलेरी क्लिंटन के समय भी डोनाल्ड ट्रंप का ही समर्थन किया था। अमेरिकी मीडिया से बात करते हुए मलिक ओबामा ने कहा कि वह ट्रंप को इसलिए पसंद करते हैं क्योंकि वे दिल से बोलते हैं। मेक अमेरिका ग्रेट अगेन एक कमाल का नारा है और मैं उनसे (ट्रंप) मिलना चाहूंगा। मलिक ओबामा ने पूर्व राष्टपति और अपने चचेरे भाई बराक ओबामा की भी आलोचना की और उन्हें स्वार्थी बताया।



फाइल फोटो

# मेट्रो की पटरियों के लिए सड़कों पर दिक्कतें हजार, अब दूसरा ब्रिज 'ऊपर' चढ़ाने की तैयारी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो के निर्माणकार्य के चलते राजधानी का बड़ा हिस्सा रोजमर्रा की ट्रेफिक दिक्कतों से परेशान है। अब मेट्रो के लिये दूसरा स्टील ब्रिज 'ऊपर चढाने' की तैयारी है यह 200 टन वजनी और 48 मीटर लंबा है। इसे सितंबर में ही बड़ी मशीनों से डीआरएम तिराहे पर रखा जाना है। इसके बाद नीचे से गाड़ियां और ऊपर से मेट्रो ट्रेन गुजरेगी। पहला स्टील ब्रिज रेलवे ट्रैक के ऊपर रखा जा चुका है।



उल्लेखनीय है कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के पास हबीबगंज नाके से डीआरएम स्टेशन के बीच 2 स्टील ब्रिज से मेट्रो गुजरेगी। इसके लिए पिछले 8 महीने से काम चल रहा है। बीती 4 सितंबर को ही तीन घंटे के अंदर रेलवे ट्रैक पर पिलर के ऊपर 65 मीटर लंबा और 400 टन वजनी ब्रिज का स्ट्रक्चर रख दिया गया। अब दूसरे ब्रिज को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। दूसरा कंपोजिट स्टील ब्रिज है। जिसे पिलर के ऊपर रखने के लिए बड़ी-बड़ी मशीनों की मदद ली जाएगी।

हबीबगंज नाका रेलवे ओवरब्रिज की लॉन्चिंग के लिये मेट्रो कॉर्पोरेशन ने तीन घंटे का ब्लॉक लिया था। इस काम में दो सौ से अधिक अफसर और कर्मचारियों की मौजूदगी में मिशन शुरू हुआ। जैसे ही ब्लॉक मिला, काम शुरू कर दिया गया। चार सौ टन वजनी इस स्टील ब्रिज की लंबाई 65 मीटर, चौड़ाई 15 मीटर और ऊंचाई 14 मीटर है। जिसे बड़ी क्रेन और 75 हॉर्स पॉवर की मशीनों की मदद से खींचा और उठाया गया। पहला रेलवे ओवरब्रिज और दूसरा कंपोजिट ब्रिज है। यह भी राजस्थान के अलवर से लाया गया। पहला ब्रिज रखने के बाद अब दूसरे ब्रिज को असेंबल किया जा रहा है। इसका वजन 200 टन और लंबाई 48 मीटर है। बताया जाता है कि दूसरे ब्रिज के लिये कई काम होने है। हबीबगंज नाका और रेलवे ट्रैक के बीच पिलर पर गर्डर लॉन्चिंग नहीं है। अब गर्डर बिछाई जाएगी। यानी, गैप को कनेक्ट करेंगे। रेलवे ट्रैक के आसपास स्टील ब्रिज के अस्थायी स्ट्रक्चर को हटाया जाएगा। डीआरएम तिराहे पर कंपोसिट ब्रिज को बड़ी क्रेन और मशीनों की मदद से पिलर पर रखा जाएगा। दूसरा ब्रिज भी बनने के बाद हबीबगंज नाके से डीआरएम मेट्रो स्टेशन के बीच ट्रैक बिछाया जाएगा। काम के चलते यह नहीं बिछ सका है। इसके बाद नीचे सड़क और रोटरी बनाएंगे। ताकि, सड़क से ट्रैफिक शुरू किया जा सके।

# आज तीज, कल की छुट्टी मांग रही शिक्षिकाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

इस बार गणेश चतुर्थी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित नहीं होने से सरकारी महिला कर्मचारी व शिक्षिकाएं परेशान हैं। शिक्षिकाओ ने अनंत चतुर्दशी के बजाय गणेश चतुर्थी (7 सितंबर) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। शिक्षिकाओं का कहना है कि 6 सितंबर को हरतालिका तीज है। यह व्रत सुहागिन महिलाएं पूरी रात जागकर पूजा करती हैं। शिक्षिकाओं का कहना है कि 6 सितंबर की पूरी रात जाएंगे, तो 7 सितंबर को स्कूल में कैसे पड़ा पाएंगे। वे कहती हैं कि पिछले साल तक सरकार गणेश चतुर्थी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करती थी। इसलिए यह समस्या नहीं होती थी। इस बार अनंत चतुर्दशी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। शिक्षिकाओं ने अपने भैया (मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव) से गणेश चतुर्थी का अवकाश घोषित करने की मांग की है।



## अफसरों ने बदला अवकाश

शिक्षिकाओं ने गणेश चतुर्थी के स्थान पर अनंत चतुर्दशी पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने के पीछे तर्क दिया है कि ऐसा अधिकारियों ने अपनी सुविधा के लिए किया है। ताकि वे एक दिन की छुट्टी लेकर चार दिन का अवकाश मना सकें। वे कहती हैं कि गणेश चतुर्थी शनिवार को पड़ रही है। इस दिन स्कूल भले ही खुलें पर सरकारी दफ्तर बंद रहेंगे, क्योंकि प्रदेश में पांच दिन की वर्किंग है। इसलिए इस दिन का सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का कोई फायदा नहीं था। अधिकारियों ने अनंत चतुर्दशी का अवकाश इसलिए घोषित किया, क्योंकि उस दिन मंगलवार है। शनिवार, रविवार को अवकाश रहता ही है, सोमवार को अवकाश ले लिया, तो सीधे चार दिन की छुट्टी मिलेगी।

## साहित्य एवं पत्रकारिता पर विमर्श 'अष्टछाप के अर्वाचीन कवि' का लोकार्पण

# नई कविता ने समाज की ज़मीनी हक़ीक़त को पाठकों से जोड़ा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

आठ पत्रकार-कवियों के कविता संकलन' अष्टछाप के अर्वाचीन कवि' के लोकार्पण समारोह में वक्ताओं ने यह मत व्यक्त किया कि–÷आज सबसे बड़ी आवश्यकता इस बात की है कि पुस्तकों के माध्यम से समाज की ज़मीनी हक़ीक़त को पाठकों से जोड़ा जाए, जैसा कि नई कविता में हो रहा है । साहित्य की सभी विधाओं में इसकी अत्यंत आवश्यकता है । ऐसे पत्रकार, जो पत्रकारिता का धर्म निभाते हुए कविता लिख रहे हैं, वे अधिक प्रभावशाली तरीक़े से यह बात पहुँचा सकते हैं ।

साहित्य और पत्रकारिता का यह निचोड़ वरिष्ठ समाजसेवी एवं बौद्धिक विश्लेषक हेमंत मुक्तिबोध एवं वरिष्ठ पत्रकार-द्वय–महेश श्रीवास्तव और उमेश त्रिवेदी ने प्रस्तुत किया ।सर्वप्रथम कविता संकलन का लोकार्पण किया गया । इसमें सम्मिलित आठ कवि ये हैं–शिल्पा शर्मा, उमेश त्रिवेदी, पंकज पाठक, अजय बोकिल, कौशल किशोर चतुर्वेदी, आरिफ़ मिर्ज़ा, डॉ. वंदना शुक्ला और आरती शर्मा । लोकार्पण समारोह 'हम विक्रम' द्वारा दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित किया गया था ।



मुख्य अतिथि मुक्तिबोध ने विस्तार के साथ विषय की विवेचना की । उन्होंने संकलन की कविताओं का विश्लेषण भी किया । सारस्वत अतिथि महेश जी ने भक्तिकाल के अष्टछाप के कवियों को समर्पित इस संकलन की कविताओं को आज के समय की प्रतिनिधि कविताएँ निरूपित किया । उमेशजी ने कहा कि आज की नई कविता साहित्य के भविष्य की ओर आश्वस्त करती हैं । कवियों ने काव्यपाठ भी किया ।

पुस्तक का आवरण प्रख्यात कलाकार प्रो. आलोक भावसार एवं हरिओम तिवारी ने तैयार किया है ।पिछले एक वर्ष में पंकज पाठक के संपादन में प्रकाशित यह तीसरा साझा-संकलन है ।

# गजानंद की प्रतिमा भेंट कर सांसद ने किया शिक्षकों का सम्मान

**हिरदाराम नगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गुरुनानक मंडल द्वारा ईदगाह हिल्स कम्युनिटी हॉल में 'शिक्षक सम्मान समारोह' आयोजित किया गया। सांसद आलोक शर्मा ने पूर्व राष्टपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। विघ्नहर्ता गजानन महाराज की प्रतिमा एवं उपहार भेंट कर गुरूजनों का शाल श्रीफल से सम्मानित किया।



इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा जिस प्रकार एक शिल्पकार पत्थर को आकार देता है और कच्ची मिट्टी को तपाकर उसके विकारों को दूर करता है। ठीक उसी प्रकार एक शिक्षक भी विद्यार्थियों के अवगुणों को दूर कर काबिल बनाता है। एक शिक्षक ही है जो मनुष्य को सफलता की बुलंदियों तक पहुंचाता है और जीवन में सही-गलत को परखने का तरीका सिखाता है।

# जीनगर समाज ने श्रीरामदेवजी का जन्मोत्सव मनाया



**हिरदाराम नगर।** संतनगर में जीनगर समाज द्वारा भगवान श्री रामदेव जी महाराज का जन्मोत्सव मनाया गया। सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना कर भव्य शोभायात्रा निकाली, जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया।

जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा भगवान श्री रामदेवजी महाराज की आरती उतारी और समाज को भव्य शोभा यात्रा के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में जिला भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम बंसल, मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, बबलू चावला कार्यक्रम अध्यक्ष श्याम बायड समाज अध्यक्ष बंटू चौहान रमेश निर्वाण व समाजजनों ने हिस लिया। रात्रि जागरण में कलाकारों द्वारा राजस्थानी भजनों की प्रस्तुति दी गई।

# एलवीएस में शिक्षक दिवस पर 131 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

गांधीनगर में लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी की शिक्षण संस्थाओं के 131 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। चिल्ड्रन होप इंडिया गर्ल्स स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह संत सिद्धभाऊजी ने गुरूजनों का सम्मान किया।

एलवीएस सभा भवन में आयोजित सम्मान समारोह की विधायक रामेश्वर शर्मा ने परंपरागत तरीके से शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन कर की। कार्यक्रम में संत हिरदाराम कॉलेज के संचालक हीरो ज्ञानचंदानी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी एवं प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी ने किया। शर्मा ने कहा कि शिक्षक दिवस हमारी जिंदगी का सबसे शुभ दिन है। सूरज अंधेरे को दूर करने के लिए 12 घण्टे पहरेदारी करता है किन्तु गुरू अज्ञान के अंधेरे को दूर करने के लिए 24 घण्टे पहरेदारी करता है इसलिए गुरू को ज्ञान का प्रकाश कहा जाता है। संस्था द्वारा संचालित विद्यालयों लक्ष्मीदेवी विक्योमल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वीना चार्ली दासवानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में 131 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर कक्षा 12वीं की छात्राओं द्वारा शिक्षक-शिक्षिकाओं की भूमिका निभाई। छात्रों द्वारा अपने शिक्षकों को तिलक लगाकर उनसे आशीर्वाद लिया एवं भाषण एवं नृत्य द्वारा शिक्षकों के सम्मान में अपनी प्रस्तुति दी।



## जीवन का श्रेष्ठ शिल्पकार होता है शिक्षक: सिद्धभाऊजी



चिल्ड्रेन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गाँधीनगर में शिक्षक दिवस शिक्षक सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया। कार्यक्रम में मार्गदर्शक सिद्धभाऊजी एवं मुख्य अतिथि रश्मि गोल्या का स्वागत किया गया। छात्राओं ने गुरूजनों के सम्मान में विभिन्न नाट्य व गीतों की प्रस्तुतियाँ दी। भाऊजी ने कहा कि शिक्षक ही विद्यार्थी के जीवन का श्रेष्ठ शिल्पकार है, जो अपनी जीवनदायिनी तेजस्विता से छात्र, समाज और राष्ट्र को सुसज्जित करता हैं। गोल्या ने कहा कि सोशल मीडिया में न फँसकर अपनी पढ़ाई और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करें। अपने भीतर छुपी प्रतिभा को पहचानकर उपयुक्त कार्य करने से आप सभी अपने जीवन में आगे ब? सकेंगे। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी एवं विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी ने अपने विचार रखे। शिक्षक-शिक्षिकों को सम्मानित किया गया।

**मेट्रो एंकर**

## परमात्मा से श्रेष्ठ है गुरू का स्थान: रामेश्वर

# विद्यार्थियों ने उतारी शिक्षक-शिक्षिकाओं की आरती, लिया आशीर्वाद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के विद्यालयों में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किए गए। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों में शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। शिक्षक-शिक्षिकाओं की आरती उतारी एवं आशीर्वाद लिया। एक दिन टीचर्स की तरह कक्षाओं में अध्यापन भी कराया।

## संस्कार विद्यालय

शिक्षक सम्मान समारोह में विधायक रामेश्वर शर्मा ने शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का तिलक लगाकर एवं उनकी आरती उतार कर उनकी वन्दना की। शर्मा ने कहा कि गुरू वह है जो ज्ञान की महिमा करता है, भगवान और गुरू में यदि तुलना की जाए तो प्रथम स्थान गुरू का आता है। संस्था के अध्यक्ष सुशील वासवानी, सचिव बसंत चेलानी व अन्य विशिष्ठजनों ने अपने विचार रखते हुए शिक्षक दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी को अपने तन मन से शिक्षित करते हैं एवं उन्हें ज्ञानवान बनाते हैं। हमारे माता-पिता तो हमें संस्कार देते ही है लेकिन शिक्षक हमें ज्ञान के साथ-साथ संस्कार भी देते है।



**साधु वासवानी स्कूल:** शिक्षक दिवस पर विद्यालय की परंपरानुसार एक दिन कक्षाओं का संचालन विद्यार्थियों के हाथों में रहा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और केक कटवाकर शिक्षकों के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विधायक रामेश्वर शर्मा और शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने बच्चों को शिक्षक के प्रति सम्मान का पाठ पढ़ाया और शिक्षक-शिक्षिकाओं से शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संस्कारों के रोपण का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष राम बंसल, संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने अपने विचार रखे।

## मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल

शिक्षक दिवस पर संस्था के मार्गदर्शक सिद्धभाऊजी ने शिक्षक-शिक्षकाओं का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं उसका जीवन निरर्थक है। छात्र वही सर्वाच्च स्थान पर पहुंचता है, जो जीवन में माता-पिता व गुरुजनों के प्रति सम्मान, श्रद्धाभाव एवं कृतज्ञता का भाव रखता है। शिक्षक के सामने सभी व्यवसाय एवं धन निम्न है। 170 छात्रों ने आठ गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी, जिसमें गुरूजनों के साथ विद्यालय संचालन समिति के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उत्कृष्ट शिक्षिका के सम्मान से वंदना श्रीवास्तव व उत्कृष्ट शिक्षक अंकित यादव को विशेष उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की प्रबंधन समिति के पदाधिकारी घनश्याम बूलचंदानी, के एल रामनानी, थावर वरलानी, मनोहर वासवानी, भगवान दामानी, गोपाल गिरधानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह व कोऑर्डिनेटर शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं छात्रगण उपस्थित रहे।

## नव युवक सभा

अनन्दराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय, के. टी. शाहानी बालक विद्यालय, डी डी प्ले स्कूल, पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या महाविद्यालय एवं सिंधु माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकम में मुख्य अतिथि चंद्रलाल लालचंदानी थे। लालचंदानी ने कहा कि शिक्षक बिना जीवन की दिशा तय नहीं होती। हर कदम पर शिक्षक मार्गदर्शक बनकर आगे बढ़ने की राह दिखता है। कार्यक्रम में सभा के संरक्षक वासदेव वाधवानी, अध्यक्ष विष्णु गेहानी, महासचिव राजेश हिंगोरानी, एस एन पुरुसवानीने विचार रखे। उपाध्यक्ष महेश दयारामानी ने कहा था कि शिक्षक राष्ट्र का निर्माता है शिक्षक चाहे तो किसी को भी बदल सकता है। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं को उपहार भेंट किए गए।

# 20 जिलों के 89 विकासखंडों में सिंगल विंडो से आदिवासियों को मिलेगा लाभ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आदिवासियों से जुड़ी कई शिकायतों को देखते हुए सरकार ने सिंगल विंडो से इस वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था से प्रदेश में आदिवासियों को योजनाओं के लाभ के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। यदि कोई जानकारी चाहिए होगी तो वही भी सिंगल विंडों से ही मिल जाएगी। अभी इन्हें एक से दूसरे विभागों में जाना पड़ता है, कई बार तो जानकारी के अभाव में कई आदिवासी चक्कर लगाते हैं।

## आदिवासियों को यहीं से मिलेगा विभिन्न योजनाओं का लाभ, कहीं भटकना नहीं पड़ेगा



शासन ने 20 जिलों और 89 आदिवासी विकासखंडों में सिंगल विंडों व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। जिसे समर्पित हेल्प डेस्क नाम दिया है। जिसमें एक शासकीय सेवक की तैनाती रहेगी। उसका नाम, पद नाम सामने बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। वह सभी योजनाओं के लाभ के संबंध में जानकारी रखेगा। जैसे ही आवेदन के साथ आदिवासी हितग्राही आएंगे, उन्हें लाभ उपलब्ध कराएगा। अन्य विभागों से समन्वय भी वही बनाएगा। उक्त् संबंध में जनजातीय कार्य विभाग की उप सचिव मीनाक्षी सिंह ने सभी सहायक आयुक्त आदिवासी समेत अन्य को निर्देश देकर व्यवस्था बनाने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि यह समर्पित हेल्प डेस्क जनजातीय कार्य विभाग के तहत काम करेगी।

## स्कूल शिक्षा मंत्री बोले- डिजिटल युग के दौर में विद्यार्थियों को प्रभावी रूप से शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण

### राजधानी के स्कूलों-कॉलेजों सहित अलग-अलग स्थानों पर शिक्षक दिवस पर हुए कार्यक्रम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी के शिवाजी नगर स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली जुड़े। वहीं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिन्दर सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की गुरु-शिष्य परंपरा की दुनिया भर में मिसाल दी जाती है। गुरुओं का दिया गया ज्ञान जिंदगी भर हमें प्रेरणा देता है। गुरुओं का सम्मान करने का अवसर सौभाग्यशाली है। डिजिटल युग के दौर में विद्यार्थियों को प्रभावी रूप से शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे दौर में शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच धैर्य एक महत्वपूर्ण पहलू है। स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का स्मरण करते हुए कहा कि एक शिक्षक का देश के सर्वोच्च पद तक पहुंचना भारत की मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था को दर्शाता है। उनकी इस भावना से समाज में शिक्षकों का और सम्मान बड़ा। सिंह ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। विद्यालयों में विद्यार्थी रोजगार के क्षेत्र का बेहतर विकल्प चुन सकें, इसके लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विषय-विशेषज्ञों के माध्यम से काउंसलिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि सुभाष स्कूल प्रदेश भर में अपनी श्रेष्ठता के लिये विभाग की ब्रांडिंग का काम कर रहा है। कार्यक्रम में बच्चों ने अपने अनुभव सुनाए और देश भक्ति पर केन्द्रित कविता सुनाई।

### 11वीं की छात्रा ने कहा- चितरंगी के सेंटर में नकल रूकवाएं

कार्यक्रम के दौरान एकछात्रा ने स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के कान में कहा कि मैं सिंगरौली जिले के चितरंगी की रहने वाली हूं, वहां के सेंटर्स पर टीचर्स बच्चों को नकल कराते हैं। वहां जितने भी स्कूल हैं, उनका रिजल्ट हमेशा 100 प्रतिशत आता है। इसके बाद मंत्री ने छात्रा से कहा हम इसकी जांच करवाएंगे।

## कठोतिया जंगल कैंप के लिये मिला सिल्वर अवार्ड



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** आईसीआरटी इंडिया एंड सबकांटिनेंट अवार्ड के तहत मप्र के इको पर्यटन बोर्ड को नेचर पॉजिटिव श्रेणी में भोपाल के समीप विकसित किये गये कठोतिया जंगल कैंप के लिये दिल्ली में सिल्वर अवार्ड मिला। मप्र ईको पर्यटन के सहायक महाप्रबंधक संदेश माहेश्वरी, परिक्षेत्र अधिकारी सिध्दार्थ सिंह ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि कठोतिया को बोर्ड की एमडी समिता राजौरा के नेतृत्व में नए सिरे से संवारा गया है और स्थानीय समुदाय के जरिये कई गतिविधियों से जोड़ा गया है।

## एमसीयू में शारदा पीठ एवं ई रिक्शा शुरू, कुलगुरू ने किया लोकार्पण

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर तक्षशिला एवं विक्रमशिला भवन के मध्य स्थित रेडियो कर्मवीर के भवन का नाम शारदा पीठ का लोकार्पण कुलगुरु प्रो डॉ. के.जी. सुरेश द्वारा किया गया। उन्होंने कहा की नवीन माखनपुरम परिसर में भवनों के नाम नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला और सांदीपनि रखने के बाद आज शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय का एक और भवन का नाम पाक अधिकृत कश्मीर स्थित शारदा पीठ के नाम रखा गया।विद्यार्थियों को अपने गौरवशाली शिक्षा परंपरा और इतिहास का स्मरण दिलाने की दिशा में यह एक सार्थक कदम हैं। इसी के साथ माखनपुरम परिसर में ग्रीन कैम्पस प्रोत्साहन के अन्तर्गत चाणक्य भवन के सामने ई-रिक्शा का लोकार्पण भी कुलगुरु प्रो. सुरेश द्वारा किया गया। केनरा बैंक नीलबढ़ शाखा के सहयोग से शुरु हुई इस सुविधा के अवसर पर बैंक के उपमहाप्रबंधक आर. के. मीणा विशेष रूप से उपस्थित थे। शिक्षक दिवस पर द्रोणाचार्य सभागार में शिक्षक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कुलगुरु प्रो. सुरेश ने सभी शिक्षकों का सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में उन्होंने गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला, साथ ही शिक्षकों को शोध कार्य करने के लिए भी उन्होंने प्रोत्साहित किया।

## नेशनल लोक अदालत 14 सितम्बर को

**भोपाल।** प्रदेश के सभी जिलों में 14 सितम्बर (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

## बीयू कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, कुलपति के गेट पर बैठकर रास्ता बंद किया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में गुरूवार को मांगो के पूरा नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने कुलपति के गेट पर बैठकर रास्ता बंद किया। संगठन के सचिव धीरेंद्र सिंह जाट ने कहा कि हमारी समस्याओं समाधान नहीं किया जा रहा है और आश्वासन पर आश्वासन ही मिल रहे हैं। हमारी मांग है कि 57 कर्मचारियों का एरियर का भुगतान, 23 अनुकंपा नियुक्ति लंबित है, ग्रेच्युटी (स्थायी कर्मचारी) शासन के आदेशानुसार 3.50 हजार, समयमान वेतनमान और पदनाम परिवर्तन संबंधी मांगों का निराकरण किया जाए।

## स्कूलों में राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय का अधिक उपयोग करने संचालनालय के जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बच्चों और किशारों के लिये राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय और राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की पहल केन्द्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने की है। ई-पुस्तकालय का उद्देश्य विभिन्न भौगोलिक भाषाओं शैलियों और शैक्षिक स्तरों पर बच्चों और किशोरों को उच्च गुणवत्ता वाली गैर शैक्षणिक पुस्तकों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करना है। राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी का यह एप्लीकेशन, एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध हैं। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय एप्लिकेशन प्रत्येक आयु समूह (3-8, 8-11, 11-14 और 14-18) में उपलब्ध हैं। इस प्लेटफार्म पर कहानियाँ, जीवनियाँ, क्लासिक वैज्ञानिक कहानियाँ और उपन्यास आदि के साथ वर्गीकृत हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसमें डिजिटल रीडर्स क्लब, इन्ट्रेक्टिव सेशन और मॉनीट्रिंग्स रीडर्स का प्रावधान है। इस एप पर एक हजार से अधिक गैर-शैक्षणिक ई-पुस्तकें नए शीर्षकों के साथ नियमित रूप से जोड़ी जा रही हैं। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय 22 भाषाओं और अंग्रेजी में पढ़ने की सामग्री की एक विविध श्रृंखला प्रदान करता है। जिला शिक्षा अधिकारियों को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि प्रत्येक स्कूल के लाइब्रेरियन को राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय एप का उपयोग करने के लिये छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिये कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि राष्ट्रीय पुस्तकालय के साथ बैगलेस डे मनाया जाये।

## पूर्व सीएम कमलनाथ कार्यकर्ताओं से मिले



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** कांग्रेस नेता व पूर्व सीएम कमलनाथ ने भोपाल प्रवास के दौरान आवास पर प्रदेश भर से आये कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही कांग्रेस की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

## 82 कॉलेजों में मिली खामी

**भोपाल.** प्रदेश के 209 एमबीए कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है, लेकिन बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी (बीयू) ने 82 कॉलेजों की सम्बद्धता रोक दी है। इन कॉलेजों की सूची बीयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। तकनीकी शिक्षा विभाग को भी भेजी गई है। विवि की जांच में इन कॉलेजों में कई खामियां पाई गई हैं। कुछ में एमबीए कोर्स के स्थान पर नर्सिंग कॉलेज पाया गया, जबकि अन्य में क्लास रूम की कमी और लाइब्रेरी में एमबीए से संबंधित पुस्तकें नहीं मिलीं।

**मेट्रो एंकर** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की

## ‘सभी अधिकारी फोटो निर्वाचक नामावली के कार्य को गंभीरता से लें’

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत जिलों में चल रही प्री-रिवीजन गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी फोटो निर्वाचक नामावली के कार्य को गंभीरता से लें। बीएलओ अनिवार्य रूप से मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करें और प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट दें। मतदाता सूची में किसी भी मृत व्यक्ति का नाम न हो, यह सुनिश्चित करें।


मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण- 2025 के अंतर्गत प्रारंभिक गतिविधियां बीते माह 20 अगस्त से शुरू हो गई हैं। इस दौरान बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) प्रत्येक घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरी सतर्कता के साथ किया जाये, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### लंबित प्रकरणों का करें तत्काल निराकरण

सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी ऐसे व्यक्ति का नाम न हो, जिसकी मृत्यु हो गई हो। साथ ही फॉर्म 7 के माध्यम से ऐसे मतदाता, जिनका नाम एक से अधिक जगह पर दर्ज है, हटाने की कार्रवाई करें। फॉर्म 8 भरकर मतदाता वोटर आईडी कार्ड में त्रुटियों का संशोधन भी इस दौरान करा सकते हैं। साथ ही लंबित प्रकरणों की तत्काल निराकरण किया जाये।

### मतदाता केंद्रों का भौतिक सत्यापन करें

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सिंह ने कहा कि मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर मतदान केंद्र का फोटो एप पर अपलोड करें। जर्जर मतदान केंद्र की जगह नए मतदान केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव भेजें। एक परिवार के सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र एवं एक पार्ट पर हो। मतदान केंद्र की दूरी दो किमी से अधिक न हो और एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की संख्या न हो, यह भी सुनिश्चित करें। सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रिहायशी कॉलोनियों, बड़ी सोसायटियों और बहुमंजिला इमारत (कॉलोनियों) में भी आवश्यकतानुसार मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है।



## संपादकीय

# राजनीतिक में परिवारवाद का मसला

राजनीतिक दल अपने आदर्श खुद गढते हैं और कई बार इसे लेकर खुद ही दुविधा में भी नजर आते हैं। यह देश की राजनीतिक परिस्थितियों और कई तरह के समीकरणों से उपजती है। इसी कड़ी में एक मुद्दा है राजनीति में परिवारवाद। इसे लेकर भाजपा खासी हमलावर रहती आई है। कई बार यह आरोप अपने आप में जनमत निर्माण का एक मुद्दा रहा है। इस मसले पर ज्यादातर लोगों की राय भी सकारात्मक नहीं होती है। हालांकि जरूरी नहीं कि इसका विरोध करते हुए कोई व्यक्ति मतदान के समय भी इसे एक बड़ी समस्या मानते हुए इसी मुद्दे को अपना मत देने का आधार बनाता हो। परिवार केंद्रित राजनीति को लोकतंत्र के खिलाफ और स्वार्थ केंद्रित बताते हुए खासतौर पर भारतीय जनता पार्टी ने इसे अक्सर एक चुनावी मुद्दा बनाया है और परिवारवाद मुक्त राजनीति को अपना आदर्श बताया है। इस आधार पर वह आए दिन कांग्रेस को घेरती रही है। भाजपा के समर्थक तबकों के बीच भी यह सवाल हावी रहा है कि किसी भी राजनीतिक दल को एक परिवार या नेताओं के रिश्तेदारों के दायरे में नहीं बांधा जाना चाहिए। दरअसल, परिवारवाद का विरोध ही भाजपा राजनीति का एक मुख्य केंद्र रहा है। इसे चुनावी मुद्दा बनाने में भी उसे काफी हद तक कामयाबी मिली। मगर अपने इस नारे या विचार को लेकर भाजपा क्या सचमुच गंभीर है और अगर इस मसले पर उसकी कथनी और करनी में विपरीत अंतर दिखता है तो इसके क्या मायने हो सकते है? गौरतलब है कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और इसके मद्देनजर सभी पार्टियों के उम्मीदवार तय किए जाने की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में भाजपा की ओर से उम्मीदवारों की जो पहली सूची सामने आई है, उसमें पार्टी के कई बड़े नेताओं के बेटे, बेटियों या रिश्तेदारों को खुल कर टिकट दिए गए हैं। दिलचस्प यह भी है कि कुछ ऐसे नेताओं को भी उम्मीदवारी का तोहफा दिया गया है, जो हाल ही में कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए तथा कुछ के टिकट काटे भी गये,दावे नजरअंदाज भी किये गये। मगर हरियाणा महज एक नया उदाहरण भर है, जहां भाजपा को परिवारवाद के विरोध के समांतर चुनावी उम्मीदवारी के लिए रिश्ते-नाते के लोगों को प्राथमिकता देने से कोई गुरेज नहीं है। इससे पहले भी कई राज्यों और केंद्र की राजनीति में चुनाव के दौरान अपने घोषित रुख के उलट भाजपा ने अपने नेताओं के रिश्तेदारों को सांसद-विधायक पद पर टिकट दिया और वे जीते। सवाल है कि अगर भाजपा सचमुच परिवारवाद को देश की राजनीति में एक समस्या मानती है, तो इसका मुखर विरोध करने के बावजूद इसे और जटिल बनाने में उसे हिचक क्यों नहीं हो रही? जहां तक मतदाता की मनोदशा की बात है तो परिवारवाद के जरिये देश के सभी राज्यों में नेताओं को मतदाता ही गढ रहे हैं। कांग्रेस सिर्फ अकेला परिवारवाद का उदाहरण नहीं है। हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में भी यह संस्कृति ज्यादा है। मप्र,उप्र भी अछूते नहीं हैं। लेकिन भाजपा परिवारवाद विरोध के मामले में जहां कई बार उलझ जाती है और समझौता करती नजर आती है तो कांग्रेस,राजद या अन्य क्षेत्रीय दल इस ऊहापोह से मुक्त नजर आते हैं। मगर, यह सही है या गलत, इसका निर्णय पार्टी के कार्यकर्ता और मतदाता का फैसला ही करते हैं।

स्वीकार करना बहुत पीड़ादायक होता है, पर जीने के लिए करना होता है।

– सुरेन्द्र वर्मा

## आज का इतिहास

- 1701- जर्मनी, इंग्लैंड और नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1882- ब्राजील ने पुर्तगाल से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की थी।
- 1887- संस्कृत के विद्वान और महान दार्शनिक गोपीनाथ कविराज का जन्म हुआ।
- 1901- आधिकारिक तौर पर बॉक्सर प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के साथ ही चीन में बॉक्सर विद्रोह समाप्त हो गया।
- 1917- भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिक तथा परिवार नियोजन विशेषज्ञ बानो जहाँगीर कोयाजी का जन्म।
- 1923- अंतरराष्ट्रीय अपराध पुलिस संगठन (इंटरपोल) का गठन।
- 1948- मलयालम फिल्म अभिनेता ममूटी का जन्म हुआ था।
- 1950- हंगरी में सभी मठों को बंद किया गया था।
- 1953- निकिता ख्रुश्चेव सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी के पहले सचिव चुने गए।
- 1970- जॉर्डन में सरकार और अरब गुरिल्ला के बीच लड़ाई शुरू हुई।
- 1977- इथोपिया ने 1977 में सोमालिया के साथ राजनयिक संबंध तोड़े थे।
- 1997- लॉकहीड मार्टिन एफ -22 रैप्टर ने पहली उड़ान भरी
- 2005- मिस्र ने अपना पहला बहु पार्टी राष्ट्रपति चुनाव संपन्न हुआ।
- 2009- भारत के पंकज आडवाणी ने विश्व पेशेवर बिलियडर्स का ख़िताब जीता।
- 2011- रूस में विमान दुर्घटना में 43 लोगों की मौत।
- 2013- त्रिपुरा, गोवा और उत्तर प्रदेश के राज्यपाल रहे रोमेश भंडारी का निधन हुआ।

## निशाना

### हो रहा विध्वंश !



- कृष्णेन्द्र राय

युद्ध चढ़ा परवान ।
लगता ना विराम ।।
छूट गया अब हाथ से ।
पूरी ही लगाम ।।
हो रहा विध्वंश ।
है चर्चा यह आम ।।
हो के रहेगा लगता ।
काम अब तमाम ।।
अड़ गए हैं दोनों ।
एक से बढ़कर एक ।।
बढ़ रही है चिंता ।
वैश्विक भी अनेक ।।
जान माल का खतरा ।
ना अब थमने वाला ।।
छाया अंधकार है ।
दिखता ना उजाला ।।

# महापुरुषों को राजनीतिक नफे नुकसान का जरिया न बनाएं

■ विश्वनाथ सचदेव

जैन समुदाय का पर्यूषण पर्व चल रहा है। इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा एक-दूसरे से क्षमा मांगने का भी है ङ्कमिच्छामि दुक्कड़म। इन दो शब्दों में जीवन का एक बहुत बड़ा पाठ– जाने-अनजाने में हुई किसी भी भूल या अपराध के लिए एक-दूसरे से क्षमा मांग कर नये सिरे से रिश्तों को संवारना, उन्हें बनाये रखना– छिपा है। आसान नहीं होता क्षमा मांगना। भीतर के अहं का विसर्जन करना होता है पहले। और क्षमा करना भी कम मुश्किल नहीं होता। लेकिन क्षमा मांग कर और क्षमा करके मानवीय रिश्तों को एक नया विस्तार मिलता है। कुछ क्षण के लिए ही सही, हमारे भीतर का मनुष्य जगता तो है। आवश्यकता इस 'मनुष्य' को जगाये रखने की है।

क्षमा पर्व की यह बात हमारी राजनीति के तौर-तरीके के संदर्भ में भी याद रखी जानी चाहिए। हाल ही में महाराष्ट्र के मालवण क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की एक विशाल मूर्ति के ढह जाने से राज्य की राजनीति में आये तूफान ने विपक्ष को जैसे एक जोरदार मुद्दा दे दिया है। पैंतीस फुट ऊंची इस विशालकाय मूर्ति का आठ-नौ महीने पहले ही स्वयं प्रधानमंत्री ने अनावरण किया था। महाराष्ट्र में शिवाजी महाराज एक इतिहास-पुरुष ही नहीं, देवत्व के स्तर का आराध्य माने जाते हैं। उनकी मूर्ति के अनावरण के लिए स्वयं प्रधानमंत्री के आने के भी राजनीतिक निहितार्थ हैं। इसलिए, इस बात पर भी आश्चर्य नहीं किया जाना चाहिए कि उस मूर्ति के इस तरह भरभराकर गिर जाने को विपक्ष ने राजनीतिक लाभ उठाने का एक अवसर बना लिया है। महाराष्ट्र की राजनीति को देखते हुए यह घटना कम महत्वपूर्ण नहीं है। सत्तारूढ़ पक्ष अच्छी तरह समझता है कि यह उसके लिए बचाव का क्षण है। इसलिए सत्तारूढ़ पक्ष के तीनों घटकों ने इस प्रकरण के लिए क्षमा मांगने में देरी नहीं लगायी।इस प्रकरण का एक महत्वपूर्ण पहलू स्वयं प्रधानमंत्री का इसके लिए क्षमा मांगना भी है। एक कार्यक्रम के लिए राज्य में आये प्रधानमंत्री ने 'मेरे और मेरे साथियों के आराध्य छत्रपति शिवाजी महाराज' से सार्वजनिक रूप से क्षमा मांगना ज़रूरी समझा। शिवाजी महाराज के लिए आदर-भाव होना ही चाहिए, और जिस तरह वह मूर्ति ढही है उसके लिए दोषियों को सज़ा भी मिलनी चाहिए। लेकिन जिस तरह से इस प्रकरण को राजनीति का एक हथियार बनाया जा रहा है, उससे कुछ सवाल तो उठते ही हैं। उठ भी रहे हैं। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री का क्षमा मांगने का लहजा सवालों के घेरे में है। कहा जा रहा है कि क्षमा के साथ विनय का सीधा रिश्ता है। बिना विनयी हुए क्षमा मांगना एक दिखावे के रूप में ही देखा जाता है। जिस तरह विपक्ष ने इस प्रकरण को राजनीतिक लाभ उठाने का अवसर बनाया, उसी तरह महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ पक्ष भी राजनीतिक नुकसान कम करने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा क्षमा मांगना इस कोशिश का एक हिस्सा माना जा सकता है।

सवाल उठता है, क्षमा मांगी किससे जा रही है? राजनीति करने वाले मूर्ति के इस तरह ढहने के लिए शिवाजी महाराज से क्षमा मांग रहे हैं। इस तरह क्षमा मांगने में कुछ ग़लत नहीं है, लेकिन यह अपमान छत्रपति शिवाजी महाराज का नहीं है, अपमान महाराष्ट्र की जनता का हुआ है, जिसके लिए शिवाजी देवता हैं।

> सवाल उठता है, क्षमा मांगी किससे जा रही है? राजनीति करने वाले मूर्ति के इस तरह ढहने के लिए शिवाजी महाराज से क्षमा मांग रहे हैं। इस तरह क्षमा मांगने में कुछ ग़लत नहीं है, लेकिन यह अपमान छत्रपति शिवाजी महाराज का नहीं है, अपमान महाराष्ट्र की जनता का हुआ है, जिसके लिए शिवाजी देवता हैं। जनता एक विश्वास के साथ किसी पक्ष को सत्ता सौंपती है, निश्चित रूप से इस मूर्ति की स्थापना में कहीं कुछ खोट रहा है। इस खोट के अपराधियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए। मूर्ति की स्थापना से जुड़ा वह हर पक्ष अपराधी है, जो इस प्रक्रिया से किसी भी रूप से जुड़ा थाङ्क फिर चाहे वह राजनीतिक पक्ष हो, राजनेता हो, अधिकारी हो, या शिल्पी।



जनता एक विश्वास के साथ किसी पक्ष को सत्ता सौंपती है, निश्चित रूप से इस मूर्ति की स्थापना में कहीं कुछ खोट रहा है। इस खोट के अपराधियों को सज़ा मिलनी ही चाहिए। मूर्ति की स्थापना से जुड़ा वह हर पक्ष अपराधी है, जो इस प्रक्रिया से किसी भी रूप से जुड़ा थाङ्क फिर चाहे वह राजनीतिक पक्ष हो, राजनेता हो, अधिकारी हो, या शिल्पी।

बहरहाल, शिवाजी महाराज जैसी विभूति राजनीतिक नफे-नुकसान का माध्यम नहीं बनायी जानी चाहिए। उनकी मूर्ति का लगाया जाना भी उनमें राज्य की जनता की आस्था का प्रतीक है, और मूर्ति का ढहना भी जनता के संतप्त होने का कारण। इसलिए, क्षमा इस देश की जनता से मांगी जानी चाहिए। अपमान उस विश्वास का हुआ है जो जनता अपने नेताओं, अधिकारियों, शिल्पियों आदि में रखती है।

जनतंत्र में सत्ता जनता के हाथ में होती है। जनता ही इस तंत्र को चलाने के लिए कुछ लोगों को चुनती है। इन चुने हुए लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जनता के विश्वास की रक्षा करेंगे। स्पष्ट है, सिंधुदुर्ग में लगायी गयी इस प्रतिमा के संदर्भ में यह अपेक्षा पूरी नहीं हुई। कोई बड़ी चूक हुई है इस सारे प्रकरण में। क्षमा उस चूक के लिए मांगी जानी चाहिए। प्रकरण से जुड़े हर पक्ष को पूरी विनम्रता के साथ क्षमा मांगनी होगी। सच तो यह है कि बिना विनम्रता के क्षमा मांगने का कोई अर्थ ही नहीं है। विनम्रता का अभाव, दुर्भाग्य से, हमारी राजनीति की एक पहचान बन गया है। हर नेता, जिसके पास किसी भी प्रकार की सत्ता होती है, अपने आप को शासक मान कर बैठा हैङ्क जबकि होना उसे जनता का सेवक चाहिए। कहने को तो सब नेता अपने आप को जनता का सेवक कहते हैं, फिर कोई छोटा सेवक कहता है और कोई बड़ा सेवक। लेकिन आज हमारी समूची राजनीति की यह पहचान बन चुकी है कि नेता स्वयं को कहते तो जनता का सेवक हैं, पर उनका समूचा व्यवहार और सोच स्वामी जैसा होता है। आवश्यकता इस स्थिति को बदलने की है। कथनी और करनी का अंतर हमारी समूची राजनीति को भीतर ही भीतर खोखला बना रहा है। इस अंतर को पाटना ज़रूरी है।

इसलिए ज़रूरी है कि जब हम क्षमा मांगें तो लगना चाहिए कि हमें अपने किये का पश्चाताप है, लगना चाहिए कि हमें अहसास है कि कुछ ग़लत हो गया है, और इस ग़लत को ठीक किए जाने का दायित्व भी हमारा है। यही विनम्रता हमारी राजनीति का चेहरा कुछ निखार सकती है। यह विनम्रता भीतर से उपजनी चाहिए, इसके दिखावे से काम नहीं चलेगा। देश के हर स्तर के नेता का दायित्व है कि वह 'मिच्छामी दुक्कड़म' की भावना से जिये, और यह जीना उसके व्यवहार में झलकना चाहिए। ग़लती करना अपराध नहीं है, ग़लती को ग़लती न मानना अपराध है। न मानने की इस प्रक्रिया से उबरने की आवश्यकता है हमारे नेताओं को। ऐसा करके ही हम अपनी सोच और व्यवहार में वह विनम्रता ला सकते हैं जो क्षमा मांगने के हमारे कृत्य को सार्थक बनाती है। आज तो स्थिति यह है कि हर नेता दूसरे पर उंगली उठा रहा है। वह यह भी नहीं समझता कि ऐसा करने से तीन उंगलियां स्वयं उसकी ओर उठ रही हैं। जब हमें यह अहसास हो जायेगा तो हम सचमुच क्षमा पाने के अधिकारी होंगे। अन्यथा तो क्षमा मांगना एक राजनीतिक कलाबाजी मात्र ही है। आप चाहें तो इस कलाबाजी को घटिया चाल भी कह सकते हैं।

**साभार- यह लेखक के विचार हैं।**

# पौधे लगाने की रस्म अदायगी काफी नहीं, रखरखाव का दायित्व निभाना भी जरूरी

■ सुरेश भाई

जून की भीषण गर्मी के बाद बारिश आने पर वृक्ष प्रेमी गत वर्षों की भांति पौधे रोपने लगे। लेकिन इस बार भी उनमें यह दिलचस्पी नहीं रही कि उनका रोपा हुआ पौधा आने वाले ग्रीष्मकाल से पहले ही वनाग्नि से बच पाएगा या नहीं? यह सावधानी इसलिए कि इस बार पर्वतीय इलाकों के वनों में लगी आग से लाखों पेड़ जल गए हैं। इसके अलावा, वन्य जीव, जड़ी बूटियां, घास, छोटे-छोटे पौधे, पक्षी आदि के विनाश का तो कोई आंकड़ा ही नहीं है।आग से प्रभावित वनों की जैव-विविधता को बचाने के लिए लोगों ने कई पत्र अपनी राज्य सरकारों को सौंपे हैं, लेकिन बारिश आते ही सारे प्रयास ठंडे बस्ते में चले गए। अतः वन और पर्यावरण के प्रति इस घोर लापरवाही के बाद पेड़ उतने ही लगाने चाहिए, जितना कि इन्सान स्वयं देखभाल करके बचा सकता है। जंगल के बीच में पेड़ लगाकर भगवान भरोसे छोड़ना समय और पैसा, दोनों का नुकसान है। और यह हर वर्ष नर्सरी में उगाए गए पौधों के प्रति भी अन्याय है, लेकिन जो लोग अपनी जिम्मेदारी और देखरेख में पौधरोपण कर रहे हैं, उनके द्वारा रोपे गए पौधे आग और सूखे, दोनों से बच जाते हैं।

आंकड़ों के आधार पर यह भी कहा जा रहा है कि लगभग 73,000 प्रजातियों के 30.40 खरब पेड़ दुनिया में मौजूद हैं। लेकिन दूसरी तरफ पता चलता है कि प्रतिवर्ष 15 अरब पेड़ विकास के नाम पर काटे जाते हैं और यह भी बताया जाता है कि इतने ही पौधों का रोपण भी किया जाता है। इसके आधार पर पता चलता है कि प्रति व्यक्ति 400 से अधिक पेड़ धरती पर हैं। यदि यह सच होता, तो वे भीषण तापमान को रोकने में मददगार हो सकते थे। दूसरी ओर, भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से 24.62 प्रतिशत क्षेत्र में ही वन हैं, जबकि स्वस्थ पर्यावरण मानक के अनुसार, 33.3 प्रतिशत क्षेत्र में पेड़-पौधे होने चाहिए थे। धरती पर कार्बन को नियंत्रित करने में पेड़ पौधों के अलावा घास की भी अहम भूमिका है।

भारत के भूगोल में विविधता के कारण प्राकृतिक वन क्षेत्रों में बहुत अंतर दिखाई देता है।?भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के वन क्षेत्र में बेहतर सुधार हुआ है और इसके आधार पर अनुमान लगाया जाता है कि यहां प्रति व्यक्ति 28 पेड़ हैं। अरुणाचल प्रदेश में 80 प्रतिशत वन क्षेत्र है, उत्तराखंड में 71 प्रतिशत और राजस्थान में 10 प्रतिशत से भी कम वन क्षेत्र है। इसलिए भारत की वन नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक-तिहाई क्षेत्र को वनों के अंतर्गत लाना पड़ेगा।



एक व्यक्ति को जीवन काल में 7-8 पेड़ों से प्रतिवर्ष 740 किग्रा ऑक्सीजन मिलती है। हर व्यक्ति एक वर्ष में सिर्फ पांच पेड़ लगाए, उनमें से 75 प्रतिशत भी बचा सके, तो धरती पर ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी। ध्यान रहे, पौधा तभी पनपता है, जब उसे लगाते समय गड्ढे में कोई कीट न हो। यदि हो, तो दवाई के छिड़काव के साथ खाद और मिट्टी मिलाकर पौधे लगाने?चाहिए। धूप से बचाव के लिए समय-समय पर सिंचाई?जरूरी है। रोपण के समय गड्ढे के चारों ओर 50-100 सेंटीमीटर व्यास के घेरे में खरपतवार हटाए बिना पौधे की वृद्धि रुक सकती है। 18-24 महीने तक निराई और खाद का प्रयोग आवश्यक है। पेड़ आमतौर पर गीली जमीन पसंद करते हैं। यदि इसका ध्यान नहीं होगा, तो रोपे गए पौधे जल्दी सूख जाएंगे।

अनुमान है कि 2050 तक 25 खरब पेड़ ही बचे रहेंगे। फिर तो वैश्विक तापमान वृद्धि को कोई नहीं रोक पाएगा। इसलिए जरूरी है कि राज्य सरकारें अपने नागरिकों के साथ हर स्तर पर पर्यावरणीय मानकों को बनाए रखने के लिए उचित देखभाल के अनुसार ही पौधरोपण करवाएं। राज्यों को बिना सोचे-समझे जंगल को रातों-रात काटने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी पड़ेगी। उदाहरण है कि उत्तर प्रदेश में जहां हर वर्ष करोड़ों पेड़ों का रोपण किया जाता है, वहीं दूसरी तरफ लगभग 50 वर्षों से पाले हुए जंगल को काटने पर विचार हो रहा है। उत्तराखंड में हर रोज जंगल बचाने के लिए लोग एकत्रित होते हैं, फिर भी यहां आए दिन हरे पेड़ कटने की शिकायतें मिलती हैं।

यही स्थिति जम्म-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, असम, मेघालय, मणिपुर, नगालैंड, छत्तीसगढ़, झारखंड आदि स्थानों की है। जहां विकास के नाम पर हर रोज लाखों पेड़ों की बलि दी जा रही है। यदि हम रोज पौधरोपण करें और हमारे सामने ही 50-60 साल पुराना जंगल काट दिया जाए, तो समझना चाहिए कि हम आज जो पेड़ लगा रहे हैं, पहले तो उसे आग से बचाना मुश्किल होगा और यदि बच गया, तो लगभग 50 वर्ष तक उसे जंगल के रूप में खड़ा होने के लिए इंतजार भी करना होगा। अतः जरूरी हो गया है कि पुराने समय से जो पेड़ हमें ऑक्सीजन दे रहे हैं, इसके अलावा जो बीज धरती के अंदर से जमकर पौधे का रूप धारण कर रहे हैं, उन्हें भी राज व समाज को मिलकर पौधरोपण की तरह महत्व देने की जरूरत है।

-साभार



इटारसी। 7 सितंबर को भगवान गणेश विराजेंगे, इसको लेकर बाजार में गणेश प्रतिमा बेचने वालों की दुकाने सज चुकी है, वही खरीददार भी बड़ी तादाद में पहुंच रहे है।

# पूर्व जिला आयुष अधिकारी का स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन हुआ



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**
पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ.प्रदीप कटियार का स्थानांतरण सागर होने पर राजपत्रित आयुष चिकित्सा अधिकारी संघ नर्मदापुरम द्वारा गत दिवस विदाई समारोह का आयोजन आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.शैलेंद्र कुमार आर्य की अध्यक्षता में संपन्न किया गया।

संघ के अध्यक्ष डॉ.गौरव भेरूआ ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई या जुदाई शब्द बड़ा ही मार्मिक होता है,लेकिन परंपरा हर किसी को निभानी पड़ती है। वहीं संघ के संरक्षक डॉ. श्रीराम करोंजिया ने भी उनके मधुर स्वभाव, सरलता और कर्मठता की चर्चा कर स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। साथ ही संघ के सभी पदाधिकारियों ने उपहार भेंट कर उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो एवं अच्छे व्यवहार की तारीफ कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दी।समारोह को सफल बनाने में डॉ संदीप रघुवंशी की सक्रिय भूमिका रही जिसमे डॉ सविता पुष्कर डॉ जयश्री बारस्कर एवं डॉ आरती रघुवंशी का भी योगदान रहा.इस दौरान डॉ.अक्षय जैन, डॉ सुनील यादव, डॉ सुरेंद्र कौशल, डॉ आशुतोष पटेल डॉ नीरज यादव, डॉ रमाकांत मिश्रा, डॉ विजय उइके, डॉ संजीव राहंगडाले, डॉ ललिता उइके, डॉ.पूनम तिवारी, डॉ मिथिलेश उइके, डॉ प्रीति गौंड एवं सुनील चौहान उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान संघ ने की बैठक, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**
भारतीय किसान संघ की बैठक कृषि उपज मंडी इटारसी में आयोजित की गयी, जिसमें संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा की गयी,इसके बाद किसान संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु एसडीएम के नाम ज्ञापन सोंपा गया। प्रवक्ता नरेन्द्र गौर नें बताया कि भारतीय किसान संघ 05 सितंबर से 15 सितंबर तक कृषि देवता एवं किसानों के आराध्य भगवान बलराम जयंती मनाएगा। तहसील के प्रत्येक गांव में ग्राम इकाई के द्वारा बलराम जयंती के कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा इसके अलावा 12 सितंबर को होनें वाले प्रांत अधिवेशन में भी भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता शामिल होंगे जिसकी रूपरेखा बैठक में बनायी गयी। बैठक के पश्चात् अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार इटारसी को सौंपा गया है।

किसानों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण करे प्रशासन भारतीय किसान संघ नें नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा? है जिसमें निम्न समस्याएं बतायी है-

1- किसानों को ग्रीष्मकालीन मूंग का भुगतान नहीं किया गया है शीघ्र ही भुगतान हो।
2- ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को सिंचाई हेतु 10 घंटे निर्बाध बिजली एवं घरेलू बिजली 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति की जाए।
3- डीएमओ में खाद का अग्रिम भंडारण किया जाए एवं सोसायटियों से नगद खाद का वितरण किया जावे।
4- सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाकर 6000 रू/क्विंटल किया जावे।
5- तहसील क्षेत्र के समस्त गांवों में शराब की बिक्री पूर्ण रूप से बंद की जावे। यह बिक्री आबकारी विभाग के संरक्षण में की जा रही है।
6- तहसील के समस्त गांवों के शासकीय गोहे को अतिक्रमण मुक्त कराकर निर्माण किया जावे।

### ये रहे उपस्थित

भारतीय किसान संघ की बैठक में संभागीय प्रचार प्रसार प्रमुख शिवमोहन सिंह, जिला सहमंत्री रजत दुबे, अध्यक्ष श्यामशरण तिवारी, श्रीराम दुबे, ग्यारसा पटैल, सुभाष साध, मोरसिंह राजपूत, सरदार यादव, राजेश साध, ओमप्रकाश महालहा, कमल गालर, नरेन्द्र गौर, जगदीश कुशवाहा, रामस्वरूप चौरे, राजकुमार चौधरी, हरीश वर्मा, शिवकुमार पटैल, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**
राष्ट्रीय आयुष मिशन के अन्तर्गत आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देश में आयुष विभाग जिला नर्मदापुरम के सभी 13 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में जरावस्थाजन्य स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये। शिविर में 1079 वृद्ध नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष औषधियों के वितरण के साथ योग प्रशिक्षकों द्वारा स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक योगासनों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही आयुष पद्धति के विषय में जानकारी दी गई शिविर में आयुष विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग और स्वास्थ्य विभाग द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## कांग्रेस सेवा दल डेलिगेशन मिला अस्पताल अधीक्षक से

# मांगे नहीं मानी तो करेंगे भूख हड़ताल

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**
**मध्य प्रदेश कांग्रेस सेवा दल यंग ब्रिगेड के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के अधीक्षक से कांग्रेस का डेलिगेशन मिलने पहुंचा, विगत 5 वर्षों से लगातार डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल चर्चाओं में बना हुआ है।, इस संबंध में जब प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि अस्पताल का नाम तो बदल दिया,लेकिन वह आज सिर्फ रेफर केंद्र बनकर रह गया है इटारसी मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जंक्शन है। यहां पर एक्सीडेंट ट्रेन हादसे से कई मरीज यहां पर आते हैं लेकिन उनका इलाज करना संभव नहीं हो पाता स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है। वेंटीलेटर नहीं होने के कारण सबको रेफर कर दिया जाता है, कई लोगों की जान चली जाती है इलाज के अभाव में सेवादल यंग ब्रिगेड के द्वारा लगातार एक मुहिम चलाई जा रही है, जिसे गुरुवार को अंतिम चेतावनी देने के लिए एक डेलिगेशन डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के अधीक्षक से मिलने पहुंचा।**

बता दे की लगातार यंग ब्रिगेड के द्वारा मांग की जा रही है, कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में एमडी डॉक्टर, कार्डियोलॉजिस्ट , ई एन टी स्पेशलिस्ट और ऑर्थोपेडिक के साथ ही वेंटीलेटर की मांग को लेकर पिछले दिनों कई आंदोलन, भूख हड़ताल, धरना प्रदर्शन, पैदल मार्च, बाजार में जन समर्थन, हस्ताक्षर अभियान, सहित उग्र आंदोलन की चेतावनी के साथ ही घुटनों पर बैठकर भी ज्ञापन देने पहुंचे थे। लेकिन फिर भी कुछ नहीं हुआ तो गुरुवार को अंतिम बार यंग ब्रिगेड के नेतृत्व में कांग्रेस जनों का डेलिगेशन अस्पताल के अधीक्षक से मिलने पहुंचा।

जहां प्रदेश अध्यक्ष गजानन तिवारी ने कहा कि जो अभी डॉक्टर हैं वह अच्छा काम कर रहे हैं लेकिन जिनकी जरूरत है उनको अस्पताल में अप्वॉइंट होना चाहिए, मूलभूत सुविधाएं सबको मिलनी चाहिए। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवाकांत पांडे, नगर अध्यक्ष मयूर जायसवाल, यंग ब्रिगेड जिला अध्यक्ष शुभम वालिया,



महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष नेहा चावरे, मोहन झलिया, लाली सलूजा, लखन बेस, नारायण ठाकुर, संतोष गुरयानी, गुफरान अंसारी, अनिल सोनकिया, रफीक खान, मौनी चंद्रवंशी, राजेंद्र जोशी, मनीष चौधरी, पप्पी कलसिया, संजय मिहानी , यूनुस पठान, अनूप गांचले, वीरेंद्र अग्रवाल, रवि अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण राजवंशी, रामशंकर सोनकर अतुल तिवारी, चिंपू भाटिया मौजूद रहे।

# हरसूद सीएमओ पर हमले के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल पर सभी सीएमओ

**इटारसी।** शुक्रवार को जिले की समस्त नगर पालिकाओं और नगर निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एकदिवसीय अवकाश पर रहेंगे। यह निर्णय मुख्य नगर पालिका अधिकारी कल्याण संघ ने हरसूद में महिला मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर हुए जानलेवा हमले के विरोध स्वरूप लिया है। उक्त विरोध के चलते न केवल इटारसी या नर्मदापुरम जिला बल्कि संपूर्ण प्रदेश के नगरीय निकायों में सीएमओ अवकाश पर रहेंगे।



इटारसी नपा सीएमओ ऋतु मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को हरसूद नगर परिषद की सीएमओ मोनिका पारदी पर उनके ही केबिन में युवक ने गोली चला दी। युवक विशाल नामदेव सीएमओ पारदी का ड्राइवर था जिसे उन्होंने डीजल चोरी के संदेह में नोकरी से निकाला था। गुस्से में विशाल ने सीएमओ चेंबर में घुसकर जानलेवा हमला करते हुए देसी कट्टे से तीन राउंड फायर किए, जिसमे सीएमओ पारदी बाल बाल बची। सीएमओ श्रीमती मेहरा ने कहा कि संघ की ओर से अध्यक्ष नीलेश दुबे ने शासन को लिखे पत्र में हरसूद, अमरवाड़ा में हुई घटनाओं का उल्लेख किया है। जिसमें उन्होंने दिनांक 6 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल घोषित की है। जिसके पालन में नर्मदापुरम के समय निकायों जिसमे इटारसी भी शामिल है, सभी सीएमओ शुक्रवार को अवकाश पर रहेंगे। सीएमओ मेहरा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि जिले के समस्त सीएमओ ने मिलकर सामूहिक रूप से शुक्रवार अवकाश के लिए संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल संभाग को इस आशय का पत्र सोपा है। सीएमओ श्रीमती मेहरा का कहना है कि वर्तमान समय में महिलाएं पुरुषों के साथ बराबरी से हर पेशे में भागीदारी और सेवाए दे रही है। ऐसे में कुछ लोगो के द्वारा उनके साथ व्यक्तिगत द्वेष और अन्य कारणों से हमले और अपराध की घटनाएं सामने आती रहती है जो एक सभ्य और आदर्श समाज की कल्पना को साकार होने से रोकती है। क्योंकि बिना महिला सशक्तिकरण के इस समाज का उत्थान संभव नही है। ऐसे में सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगो और संस्थाओं को इस हेतु विशेष जागरूकता अभियान शुरू करने की पहल करनी चाहिए।

**मेट्रो एंकर**

## सम्मानित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वस्ति वाचन के साथ ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया

# विपिन जोशी स्मारक समिति ने 40वें वर्ष में किया 40 शिक्षकों का सम्मान, सरस्वती पुत्र सम्मान से नवाजे गए डॉ.अजय पगारे




**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**
देश की प्रतिष्ठित शिक्षक सम्मान संस्थाओं में अपना विशेष स्थान रखने वाली विपिन जोशी स्मारक समिति ने गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रदेशों शिक्षको और गुरुओं के पग पखारकर सम्मान किया। आयोजन के 40वें वर्ष के उपलक्ष्य में इस वर्ष 40 शिक्षको का ही सम्मान किया गया है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेश शर्मा, विधायक प्रत्याशी रहे अजय बलराम पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय, चंद्रगोपाल चंद्रगोपाल मलैया, एवं स्थापना के समय से स्थाई मुख्य अतिथि रहे दिवंगत विजय दुबे काकूभाई (पूर्व मंत्री मप्र शासन) की पत्नी श्रीमती प्रतिभा दुबे उपस्थित रही। अतिथियों ने विपिन जोशी स्मारक समिति के सदस्यों के साथ मिलकर शिक्षकों की महाआरती कर पद प्रक्षालन किया और ट्रॉफी, शॉल-श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया।

सर्वोच्च पुरस्कार डॉ पगारे को संस्था का सर्वोच्च सम्मान संस्थापक प्रमोद पगारे द्वारा स्थापित सरस्वती पुत्र सम्मान डॉ अजय कुमार पगारे को दिया गया। डॉ पगारे आईक्यूएसी पूर्णिमा विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान में डीन एवं मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्राध्यापक है। साथ ही सम्मानित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का स्वस्ति वाचन के साथ ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया।

कार्यक्रम के अतिथि डॉ राजेश शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक शिक्षक की सीख के कारण ही वे चिकित्सकीय सेवा, समाजसेवा एवं राजनीति में आये हैं। उन्होंने कहा मैं मानता हूं कि आज भी पालकों को अपने बच्चों को संपूर्ण रूप से शिक्षक को समर्पित कर देना चाहिए ताकि समाज ठीक हो। कार्यक्रम के अन्य अतिथि अजय बलराम पटेल, शिवाकांत गुड्डन पांडेय एवं चंद्रगोपाल मलैया ने भी संबोधित किया।

## शिक्षक विद्यार्थियों का चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं: प्राचार्य डॉ.जोशी

**नर्मदापुरम।** पीएम कालेज आफ एक्सीलेंस नर्मदा महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्राचार्य डॉ अमिता जोशी ने सभी छात्रों से महाविद्यालय की गरिमा को बनाए रखने के लिए शिक्षकों और छात्रों के बीच समन्वय की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि शिक्षक अपने छात्रों को किताबों के आगे सोचना सिखाते हैं, वे न केवल विद्यार्थियों का चरित्र और व्यक्तित्व निर्माण करते हैं बल्कि छात्र की प्रतिभा, क्षमता, कौशल और योग्यता के आधार पर भविष्य में कैरियर के प्रति मार्गदर्शन भी देते हैं। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ एस सी हर्ने ने बताया कि शिक्षक हमें शिक्षा के साथ जिम्मेदार नागरिक बनाते हैं ,डॉ दिनेश श्रीवास्तव और डॉ मीना कीर ने भी इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर बीकॉम चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों सुमित साहू, मयंक वाधवानी, शिवांक दुबे, खुशी साहू के द्वारा वाणिज्य विभाग को केंद्र में रखकर बनाई गई डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन भी किया गया। विद्यार्थियों अंशुल सत्या, आर्यन, आस्था,और अन्य विद्यार्थियों के द्वारा गीत संगीत के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में डॉ संजय चौधरी ,डॉ प्रीति उदयपुरे, डॉ केशव मिश्रा, डॉ मालती पटेल, डॉ अंजना यादव, डॉ नीता वर्मा, उमेश सेन,एस के झा, रीना सक्सेना एवं अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मयंक वाधवानी ने किया और आभार प्रदर्शन डॉ आर एस बोहरे ने किया।



## स्वर्णकार युवा क्रांति मंच ने शिक्षकों का सम्मान किया

**नर्मदा पुरम।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस के अवसर पर स्वर्णकार युवा क्रांति मंच नर्मदापुरम द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय नर्मदा हा.से.स्कूल नर्मदापुरम में आयोजित शिक्षक दिवस के मौके पर कार्यक्रम में शिवानन्द सोनी बतौर अतिथि उपस्थित थे। स्वर्णकार युवा क्रांति मंच की ओर से शिवानंद सोनी द्वारा शिक्षकों का ÷गौरव पत्र÷ व कलम भेंटकर सम्मानित कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी ने भी संबोधन किया। अपने उद्बोधन में श्री सोनी ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डाला और आज भी उन्हें प्रासंगिक बताया। संस्था प्रमुख एवं संचालक हेदर रिज़वान ने मीडिया प्रभारी का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।इस अवसर पर हेदर रिज़वान ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम पुर्व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय द्वारा शिक्षकों का सम्मान एवं बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।



कोर्ट आदेश के बाद होगा सहरिया अदिवासियों के भाग्य का फैसला

# पीएम आवास व शासन की अन्य सुविधाओं का दिया जाएगा लाभ-एसडीएम



**सिरोंज।** जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत करैयाहाट के ग्राम बरवटपुरा (खूबपुर) के लगभग 35 आदिवासी सहरिया परिवारो को कोर्ट के आदेश से बेदखली का मामला इन दिनों सुर्खियों में बना हुआ है। आदिवासी सहरिया परिवार पिछलें 80 से 100 वर्षों से इस जगह निवास कर रहें है। तो वही उक्त जगह को खाली कराने का हाईकोर्ट के 4 सितम्बर के आदेश के बाद सिरोंज एसडीएम ने प्रशासन की ओर से अपना पक्ष करना था। पक्ष रखने के बाद 17 सितम्बर को हाईकोर्ट अपना निर्णय देखा।

**एसडीएम की पहल आई काम** - सिरोंज में पदस्थ एसडीएम हर्षल चौधरी के अथक प्रयासो से लगभग तीन-चार माह पहले ही जनमन योजना अंतर्गत ग्राम बरवटपुरा के 35 सहरिया आदिवासी परिवारों के आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, समग्र आईडी आदि जो शासन की योजना थी। उसका लाभ सहरिया परिवारो को दिया जा चुका है। उक्त परिवार के लोगो ने योजना का लाभ लेना भी प्रारंभ कर दिया है। स्थान के साथ मिलेगा आवास योजना का लाभ एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि हमें माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करना है। वही पूर्व से ही इस मामले को लेकर प्रशासन सतर्क था। उक्त आदिवासी परिवारो को पीएम आवास योजना के अंतर्गत शामिल कराकर अभी उक्त परिवार के व्यक्तियों के पास 5-5 लाख रूपये की राशि उनके खातो में आ गई। है। इस गांव के समीप प्रशासन ने माननीय कलेक्टर महोदय को पास में ही नई आवादी के लिए प्रस्ताव भेजा है। उस आबादी वाले स्थान पर पीएम आवास योजना के अंतर्गत आवास योजना के मकान बनेगें। साथ ही उक्त स्थान पर आदिवासी सहरिया परिवारों के लिए लाईट, पानी, बिजली, सड़क व अन्य सुविधाओं की व्यवस्था कराने का शीघ्र हम प्रयास कर रहें।

### इनका कहना है

*जल्द करेंगे काम से जल्द बरवटपुरा के सभी 35 सहरिया परिवारों के लिए प्रशासन ने पूर्व में ही प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत करा लिए है। ये सभी आदिवासी परिवार के लोग भूमिहीन है। इनकी परेशानियो को देखते हुए कलेक्टर महोदय से चर्चा की है और उनके निर्देश पर ही उसी गांव से लगी हुई जमीन को आबादी घोषित कर वहा उनके पीएम आवास बनाए जाएगे। प्रशासन इनके लिए पंचायत के माध्यम से पूरी व्यवस्था कराएगा। हमें न्यायालय के आदेश का पालन करना है साथ ही इन गरीब सहरिया परिवारो की भी चिंता करना है। यह दोनो काम हम जल्दी ही कर लेंगे।*

*हर्षल चौधरी, एसडीएम सिरोज*

विधायक के निर्देश पर नपा पहुंचकर एसडीएम ने की प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा

# 185 हितग्राहियों को 16 सालों से इंतजार, जल्द मिलेगी किस्त की राशि

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर पालिका मैं प्रधानमंत्री की महत्वपूर्ण योजना को भी पलीता लगाने का काम किया जा रहा है सालों से 185 हितग्राही किस्त आने की बांट जोर रहे पर उनके खातों में राशि नहीं आ पा रही है। पर इनमें से जो पात्र हितग्राही है इनको जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि मिलने वाली है। विधायक के निर्देश पर एसडीएम ने अड़ंगा डालने वाले अमले की नस को पकड़ने के लिए हितग्राहियों को उनके सामने बिठाकर समीक्षा करने का निर्णय लिया है इसके बाद आनाकानी और जानबूझकर हितग्राहियों को परेशान करने वालों की पोल भी खुल जाएगी और पात्रों को किस्त की राशि भी मिल जाएगी ऐसे इंतजाम किए जा रहे हैं। 2016 की डीपीआर में ही 185 हितग्राही इसकी राशि पाने के लिए नगर पालिका के चक्कर लगाकर थक गए इसके बाद और डीपी आर तैयार हुई है उनके हालात भी इसी तरह के बने हुए हैं।आवास के प्रभारी से लेकर फोटो खींचना जांच करने वालों के द्वारा जानबूझकर गरीब वर्ग के हितग्राहियों की राशि रोक रखी है।

इसकी पोल भी पिछले दिनों विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था उसने बड़ संख्या में शहर के लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त नहीं आने की शिकायत की थी इसके बाद विधायक ने एसडीएम को निर्देश दिए थे । गुरुवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जितनी भी डीपीआर बनाई गई है कितने हितग्राहियों को किस्तों का भुगतान होना शेष है किस कारण से रुका हुआ है उसकी समीक्षा की एक एक डीपीआर के बारे में प्रधानमंत्री आवास योजना के अमले से सवाल जवाब भी किया डांट फटकार भी लगे इस दौरान नगर पालिका प्रभारी सीएमओ रामप्रकाश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू के अलावा पार्षद भी मौजूद थे।

सोमवार से एक-एक आवेदन की करेंगे समीक्षा - शहर के लगभग 500 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि मिलनी है किसी न किसी कारण से इनकी किस्त रुकी हुई है इसकी पोल भी एसडीएम के द्वारा नगर पालिका में जब आवास योजना की समीक्षा की तो खुली एसडीएम श्री चौधरी ने बताया कि जितने भी आवेदन विधायक के द्वारा लगाया गया जैन समाज से निवारण शिविर में आए थे उन सभी का समाधान कर रहे हैं साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों के खातों में राशि पहुंचने के लिए सभी जरूरी कदम उठाएंगे अब हम धरातल पर इस काम को मजबूती से करेंगे जिसके द्वारा भी लापरवाही की जा रही है उसके खिलाफ कार्रवाई भी करेंगे किस्त का भुगतान सभी पात्र लोगों के खातों में पहुंचे उसका कार्य करेंगे सभी हितग्राहियों से बात करके समाधान करेंगे इसके लिए हम सोमवार को पहले वार्ड क्रमांक 1 लेकर 7 नंबर के वार्ड के हितग्राहियों को नगर पालिका कार्यालय बुलाकर उनके सामने ही चर्चा करेंगे इसके बाद फिर मंगलवार को वार्ड क्रमांक 8 से लेकर आगे के वार्डों के हितग्राहियों को बुलाकर चर्चा करके समाधान करेंगे इस काम में नगर पालिका में लापरवाही तो हुई है इस वजह से ही पात्र लोग किस्त पाने के लिए परेशान हो रहे हैं पर हम अब शहर के हितग्राहियों को किस्त के लिए परेशान नहीं होने देंगे जिनका काम हो गया है उनकी किस्त डालना शेष है उसकी जानकारी लेकर उनके खातों में राशि डलवाने का काम करेंगे जिन्होंने काम नहीं किया है उनको काम करने के लिए संबंधित वार्ड पार्षद से प्रेरित भी करवाएंगे । वहीं 2016 - 17 में स्वीकृत हुए डीपीआर की जानकारी लेकर आवास शाखा के प्रभारियों को जमीनी स्तर पर सर्वे करके उन सभी हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित करने के लिए निर्देश भी दिए हैं ।



**नगरपालिका पहुंचे एसडीएम** - गुरुवार की दोपहर को करीब बारह बजे नगरपालिका पहुंचे एसडीएम ने सबसे पहले 2016 - 17 में स्वीकृत हुए डीपीआर 661, 423, 862 की जानकारी लेकर आवास शाखा के प्रभारियों को जमीनी स्तर पर सर्वे करके उन सभी हितग्राहियों की जानकारी एकत्रित करने के दिए हैं जिनके आवास का कार्य पूर्ण हो गया है और उनको अंतिम किश्त का भुगतान नही हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ऐसे हितग्राहियों को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए हैं जिनको पहली किश्त का भुगतान हो चुका है जिसका हितग्राही द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया गया है।



## भगवान रामदेव जी के जन्म उत्सव पर निकला चल समारोह, स्वागत

**सिरोंज।** गुरुवार को भगवान रामदेव जी के भक्तों ने बड़ें ही उत्साहपूर्वक नगर में शोभायात्रा निकाली एक रथ पर भगवान रामदेव जी विराजमान थी भक्त जन भगवान की भक्ति में लीन होकर झूमते नाचते चल रहे थे। वहीं इस समारोह का जगह-जगह विभिन्न समाज जनों और समाजसेवी संगठनों ने स्वागत किया इस शोभायात्रा में नगर के अलावा ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल हुए।

## शिक्षक दिवस पर शिष्यों ने गुरुओं का किया सम्मान, हुए कार्यक्रम

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



गुरुवार को शिक्षक दिवस पर शिक्षकों के सम्मान में शासकीय तथा निजी संस्थानों में कार्यक्रमों के आयोजन हुए, सीएम राइज स्कूल ,उत्कर्ष विद्यालय ,कन्या शाला स्कूल के साथ अन्य स्कूलों में भी कार्यक्रम हुए देहरी स्कूल में शिक्षक के के माली क के साथ अन्य शिक्षकों का भी छात्रों ने सम्मान किया दूसरी ओर पथरिया ज्ञान कुंज एक्सीलेंस हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्र - छात्राओं व शिक्षकों ने शिक्षक दिवस मनाया । देश के पहले उपराष्टपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओम प्रकाश रघुवंशी एवं संकुल प्राचार्य जगदीश साहू आदि अतिथियों का विधालय के प्रबंधक राजीव रघुवंशी ने शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों के द्वारा राधाकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला उनका मानना था कि शिक्षकों का दिमाग देश में सबसे अच्छा होना चाहिए, क्योंकि देश को बनाने में उन्ही का सबसे बड़ा योगदान होता है।

**अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने किया पौधारोपण**-विद्यालय प्रांगण में अतिथियों और छात्र-छात्राओं के द्वारा पौधारोपण किया गया जिसमें 40 से अधिक पौधे लगाए गए और छात्र-छात्राओं ने उन पौधों की देखरेख की शपथ ली। स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को दिलाई स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम समाप्ति के बाद सभी अतिथियों और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। मंच संचालन राजकुमार सैन ने किया आभार व्यक्त विद्यालय के प्रबंधक राजीव रघुवंशी ने सभी का आभार माना। इस दौरान विधालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। भारतीय डाक विभाग के द्वारा भी शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान किया गया।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा अखिल सम्मान** - भारतीय विद्यार्थी परिषद सिरोंज द्वारा एलबीएस कॉलेज में भी प्राचार्य लालचंद राजपूत से लेकर प्रोफेसर का विद्यार्थियों ने सम्मान किया शिक्षक हमारे जीवन का एक अहम किरदार निभाते हैं शिक्षक हमें मार्गदर्शन जीवन का सुसज्जित मार्ग बताते हैं सभी शिक्षकों एवं गुरुओं का धन्यवाद विद्यार्थी परिषद एवं हम सब आपके सदैव आभारी रहेंगे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केआशीष शर्मा वंदना यादव अंशुल रघुवंशी हर्ष मोहित पंकज विशाल कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सैकड़ों महिलाओं की बनी प्रेरणा स्रोत 58 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस



**सिरोंज।** वरिष्ठ शिक्षक मोहनदास बैरागी की धर्मपत्नी सामाजिक कार्यकर्ता निलेश बैरागी की पूज्य माता गुरुवार को 58 वर्ष की उम्र में दिव्य ज्योति में विलीन हो गई इनके अंतिम संस्कार के दौरान सैकड़ो की संख्या में सभी धर्म के लोग शामिल हुए 58 वर्षीय पूनम बैरागी सैकड़ो महिलाओं की प्रेरणा स्रोत रही है उन्होंने न केवल शहर बल्कि आसपास के क्षेत्र में मातृशक्ति जन जागरण के लिए लगातार कार्य किया है श्रीमती बैरागी ने 30 से अधिक बहनों को वालंटियर के रूप में तैयार किया है जो सनातन के प्रति मातृशक्ति जन जागरण का कार्य कर रही है गुरुवार को सनातन मातृशक्ति जन जागरण ग्रुप की सदस्य रानी शर्मा ने बताया कि हमारे बीच आज संस्थापक श्रीमती बैरागी नहीं है पर उनके विचार हमेशा अमर रहेंगे आज से मंडल का नाम उनके नाम से जाना जाएगा।

## वीडियो वायरल होने के बाद न्यू स्टार पेट्रोल पंप पर जांच करने पहुंचे एसडीएम

**सिरोंज।** बुधवार को एक व्यक्ति न्यू स्टार पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए गया था उसके बाद उसने गाड़ी में पेट्रोल नहीं होने की बात कही पर कर्मचारी बात मानने को तैयार नहीं हो रहा था इसके बाद ग्राहक ने गाड़ी में से पाइप डलवा कर पेट्रोल निकलवाने की बात भी की गई कर्मचारियों ने काफी प्रयास किया गाड़ी में से पेट्रोल नहीं निकला इसके ग्राहक ने वीडियो बनाकर ग्राहकों के साथ पेट्रोल पंप पर हो रहे छलावे का वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दिया उसके बाद एसडीएम हर्षल चौधरी ,तहसीलदार संजय चौरसिया, थाना प्रभारी संदीप सिंह पवार को लेकर एसडीएम न्यू स्टार पेट्रोल पंप पर जांच करने के लिए पहुंचे और दो बोतलों में 500-500 ग्राम पेट्रोल दो मशीन से लिया पंचनामा भी बनाया गया पूरी वीडियो भी बनाई गई जांच के लिए लिए गए पेट्रोल को सील भी किया गया है । एसडीएम हषर्ल चौधरी ने बताया कि न्यू स्टार पेट्रोल पंप पर पेट्रोल काम देने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था उसके बाद हम जांच करने पहुंचे दो मशीनों से पांच 500-500 ग्राम पेट्रोल सैंपल के लिए लिया गया है जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेंगे।

मेट्रो एंकर

भोपाल संभाग आयुक्त ने गांव-गांव भ्रमण कर योजनाओं व विभागीय कार्यों का निरीक्षण किया

# पीएम जनमन शिविर, स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह ने आज गुरुवार को विदिशा जिले की शमशाबाद और नटेरन तहसील के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर विभागीय कार्यों के साथ-साथ योजनाओं व अभियानों का औचक निरीक्षण किया है। भोपाल संभाग आयुक्त श्री सिंह ने सर्वप्रथम शमशाबाद तहसील के ग्राम नहरयाई पहुंचकर समूह सिंचाई परियोजना (संजय सागर) के संबंध में जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे और निर्माणाधीन कार्यों का भ्रमण कर जायजा लिया। उन्होंने नटेरन तहसील के शासकीय हाईस्कूल पहुंचकर शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लेकर प्राचार्य व शिक्षकों से संवाद कर शैक्षणिक कार्यों के संबंध में पूछताछ की तथा स्कूली विद्यार्थियों से संवाद कर प्रश्न भी पूछे। साथ ही उन्होंने यहां संचालिक आंगनबाड़ी केंद्र का भी अवलोकन कर नन्हे-मुन्हे बच्चों को प्रदाय सुविधाओं के बारे में जाना।





भोपाल संभाग आयुक्त श्री सिंह ने डंगरवाड़ा ग्राम की गौशाला का भ्रमण कर औचक निरीक्षण किया है उन्होंने गौशाला में गौवंश के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी संबंधित विभाग अधिकारियों से प्राप्त की हैं। मौके पर मौजूद पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक को व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश भी दिए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने गौशाला में पर्याप्त मात्रा में बिजली, पानी तथा पशुचारा के संबंध में पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित कराए जाने हेतु निर्देशित किया है।

संजीव सिंह ने आज शमशाबाद के ग्राम हड़ा पहुंचकर यहां स्थापित कस्टम हायरिंग सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों तथा कृषकों को कृषि यंत्रों के संबंध में दी जा रही सुविधाओं के बारे में संबंधित अधिकारियों से पूछताछ भी की। इस दौरान उन्होंने कस्टम हायरिंग सेंटर परिसर में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में भी सहभागिता निभाई है। भोपाल संभाग आयुक्त श्री संजीव सिंह एवं कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने यहां आम का पौधा रोपित कर अधिक से अधिक पौधे लगाने व उन्हें संरक्षित करने का संदेश दिया है।पीएम जनमन कार्यों का जायजा - भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज जनपद पंचायत नटेरन अंतर्गत आने वाले ग्राम डंगरवाड़ा और सांगुल पहुंचकर पीएम जनमन प्रधान मंत्री आदिवासी जनजातीय (महा अभियान) तहत क्रियान्वित कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने सबसे पहले ग्राम डांगरवाड़ा में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से लाभान्वित हितग्राही श्रीमती रम्मोबाई के नवीन आवास परिसर में पहुंचकर हितग्राही से संवाद कर योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।संभाग आयुक्त श्री सिंह ने हितग्राही श्रीमती रम्मोबाई से लाडली बहना योजना तथा उज्ज्वला योजन तथा अन्य योजनाओं से लाभान्वित होने से संबंध में संवाद कर जानकारी प्राप्त की है। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत सांगुल में आयोजित पीएम जनमन शिविर का भी निरीक्षण किया है। उन्होंने पीएम जनमन शिविर में चल रहे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से प्रदाय की जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को शिविर का सुव्यवस्थित रूप से संचालन हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने यहां आधार कार्ड आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्यों का अवलोकन किया तथा उपस्थित ग्रामीण जनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना।

### बालिका छात्रावास का जायजा

भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज नटेरन के बालिका छात्रावास पिपलधार पहुंचकर छात्राओं को प्रदाय सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्रावास में निवासरत बालिकाओं के कक्षों में पहुंचकर की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ बालिकाओं को प्रदाय भोजन की गुणवत्ता का भी उनके द्वारा अवलोकन कर पूर्णता साफ-सफाई के साथ उच्च गुणवत्ता का भोजन छात्राओं को उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया है। इस दौरान भोपाल संभाग आयुक्त श्री सिंह ने रसोई कक्ष में पहुंचकर यहां तैयार भोजन की थाली लगवाकर भोजन की गुणवत्ता को जांचा भी है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

भोपाल संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने आज शमशाबाद, नटेरन क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण के दौरान ग्राम पीपलखेड़ा में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रदाय सुविधाओं का भ्रमण कर जायजा लिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने पहुंचे ग्रामीण जनों से संवाद कर उनकी समस्याओं को भी जाना। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्सो से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नर्सो से संवाद कर उन्हें आने-जाने में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी तो नहीं होती के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की है। शमशाबाद और नटेरन तहसील के ग्रामों में भ्रमण के दौरान शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल, जनपद सीईओ के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



# पेरिस पैरालिंपिक: भारत को 25वां मेडल कपिल परमार ने जूडो में ब्रॉन्ज जीता

**कोलंबो. एजेंसी**

पेरिस पैरालिंपिक में भारत ने 25वां मेडल जीत लिया है। मेंस जेवी कैटेगरी के जूडो में कपिल परमार ने ब्रॉन्ज मेडल दिलाया। उन्होंने ब्राजील के एलिटन डी ओलिविएरा को 33 सेकेंड में ही 10-0 से हरा दिया।कपिल से पहले आर्चरी में हरविंदर सिंह और पूजा की मिक्स्ड टीम सेमीफाइनल के बाद ब्रॉन्ज मेडल मैच भी हार गई। भारत आज एथलेटिक्स में भी मेडल जीत सकता है। पेरिस में भारत ने 5 गोल्ड, 9 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज मेडल जीत लिए, यह देश का पैरालिंपिक में बेस्ट प्रदर्शन है। मेडल टैली में भारत फिलहाल 15वें नंबर पर है। भारत ने टोक्यो पैरालिंपिक में 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे।

**जूडोका कपिल परमार को ब्रॉन्ज मेडल:** भारतीय जूडोका कपिल परमार मेंस 60 केजी जेवी कैटेगरी के सेमीफाइनल में हार गए। उन्हें ईरान के खोराम बनिताबा ने 10-0 से हराया। हालांकि, ब्रॉन्ज मेडल मैच में उन्होंने कमबैक किया और ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। उन्होंने छ्1 कैटेगरी में ब्राजील के एलिटन डी ओलिविएरा को 33



### भारत ने क्लब थ्रो में गोल्ड और सिल्वर जीते

भारत ने मेंस एफ-51 कैटेगरी के क्लब थ्रो इवेंट में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। फिर भी क्लीन स्वीप करने से चूक गया। देर रात धरमबीर सिंह ने 34.92 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ गोल्ड और प्रणव सूरमा ने 34.59 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीता। सर्बिया के जेलिको डिमित्रिजेविक ने 34.18 मीटर के बेस्ट थ्रो के साथ ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। क्लब थ्रो इवेंट में भारत क्लीन स्वीप कर तीनों मेडल जीत सकता था, लेकिन अमित कुमार 6 अटेम्प्ट में 4 थ्रो फाउल कर बैठे। उनके 2 थ्रो सही रहे, जिसमें बेस्ट 23.96 मीटर दूर ही जा सका। जिस कारण अमित 10वें नंबर पर रहे। स्न-51 कैटेगरी में वे एथलीट्स आते हैं, जिनके अंगों में कमी, पैर की लंबाई में अंतर, मांसपेशियों की शक्ति में कमी या गति की सीमा में कमी होती है।

### आर्चरी गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय हरविंदर

पैरालिंपिक गेम्स में आर्चरी का गोल्ड मेडल जीतने वाले हरविंदर सिंह पहले ही भारतीय बने। हरविंदर मेंस इंडिविजुअल रिकर्व ओपन के रैंकिंग राउंड में 9वें नंबर पर रहे थे। राउंड ऑफ 32 में उन्होंने चीनी ताइपे के लुंग-हुई सेंग को 7-3 से हराया। हरविंदर ने प्री-क्वार्टर फाइनल में सेतियावान को 6-2 से हराया। हरविंदर ने कोलंबिया के जुलियो हेक्टर रमिरेज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल 6-2 से जीता। सेमीफाइल में हरविंदर ने ईरान के मोहम्मद रेजा को 7-3 से हराया।

### आर्चरी में मिक्स्ड टीम ने मेडल गंवाया

हरविंदर सिंह और पूजा की मिक्स्ड टीम आर्चरी सेमीफाइनल से आगे नहीं बढ़ सकी। उन्हें इटली की नंबर-1 रैंक टीम ने 6-2 से हरा दिया। हरविंदर और पूजा का ब्रॉन्ज मेडल मैच स्लोवेनिया से हुआ, भारत ने 3 सेट के बाद 4-2 की बढ़त बना ली थी। आखिरी सेट स्लोवेनिया ने जीता और फिर शूटआउट जीतकर ब्रॉन्ज अपने नाम कर लिया। स्लोवेनिया ने 5-4 के अंतर से मैच जीता।

### सिमरन विमेंस 100 मीटर में चौथे नंबर पर रहीं

विमेंस की टी-12 कैटेगरी में भारत की सिमरन गाइड 100 मीटर रेस में मेडल नहीं जीत सकीं। 4 प्लेयर्स की रेस में वह चौथे नंबर पर रहीं। उन्होंने 12.31 सेकेंड में रेस पूरी की। क्यूबा की ओमारा एलियास ने 11.81 सेकेंड में रेस पूरी कर गोल्ड मेडल जीता।

### पैरा पावरलिफ्टिंग में अशोक छठे नंबर पर रहे

65 किग्रा कैटेगरी की मेंस पावरलिफ्टिंग में अशोक छठे नंबर पर रहे। उन्होंने दूसरे अटेम्प्ट में 199 किग्रा का बेस्ट वेट उठाया। चीन के यी जोऊ ने 215 किग्रा वजन उठाकर गोल्ड मेडल जीता।

### यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप

## सबालेंका यूएस ओपन के फाइनल में पहुंची, एमा नवारो को हराया

**न्यूयॉर्क. एजेंसी**

दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप की विमेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं, इटली की सारा ईरानी और एड्रिया वावसारी की जोड़ी मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में चैंपियन बनी। न्यूयॉर्क में बेलारूसी स्टार सबालेंका ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अमेरिका की एमा नवारो को सीधे सेट में 6-3, 7-6 से हराया। उनका सामना रविवार को अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। छठी सीड जेसिका ने चेक रिपब्लिक की करोलिना मुचोवा को 3 सेट तक चले मुकाबले में 1-6, 6-4, 6-2 से हराया। बेलारूसी स्टार सबालेंका सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की खिलाड़ी पर भारी पड़ीं। उन्होंने पहला सेट 6-3 से जीत लिया, हालांकि दूसरे सेट में अमेरिकी स्टार नवारो ने उन्हें फाइट दी। लेकिन सबालेंका ने अपने अनुभव का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट को टाई ब्रेकर तक ले गई। उन्होंने इस सेट को 7-6 के अंतर से जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मेजबान देश की छठी सीड खिलाड़ी जेसिका ने मुचोवा को 2 घंटे 12 मिनट चले मुकाबले में हराया। उन्होंने पहला सेट 1-6 से गंवाने के बाद 6-4, 6-2 की जबर्दस्त वापसी की।




### मेट्रो बाजार

## कच्चा तेल 24 फीसदी सस्ता होने के बावजूद नहीं घटे पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमरीका में फिर से मंदी की आशंका गहराने और चीन में आर्थिक सुस्ती से क्रूड ऑयल की कीमतें मंगलवार को करीब 5 फीसदी गिरी, वहीं को भी 1 फीसदी की गिरावट आई। इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में डब्ल्यूटीआइ क्रूड ऑयल 70 डॉलर प्रति बैरल के नीचे और ब्रेंट क्रूड ऑयल 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जो पिछले 9 महीने का सबसे

**अमरीका-चीन में मंदी, सप्लाई बढ़ने की उम्मीद से क्रूड में गिरावट**



निचला स्तर है। एक साल में कच्चे तेल की कीमतें करीब 24 फीसदी तो जुलाई, 2024 से अब तक 15 फीसदी से अधिक गिर चुकी हैं, लेकिन इसका फायदा भारतीय ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने ग्राहकों को नहीं दिया है। कच्चे तेल के दामों में आई बड़ी गिरावट से सरकारी तेल कंपनियों को जोरदार फायदा होगा। उन्हें सस्ते में क्रूड ऑयल मिलेगा, लेकिन आम लोगों को इसका फायदा मिलेगा या नहीं यह बड़ा सवाल है, क्योंकि तेल कंपनियां पूर्व में हुए घाटे का बहाना बनाकर कीमतों में कटौती को टाल देती हैं। केंद्र सरकार भी मूकदर्शक बनी हुई है। अगस्त 2024 में सरकारी तेल कंपनियों को पेट्रोल बेचने पर 9.3 रुपए प्रति लीटर और डीजल बेचने पर 7.6 रुपए प्रति लीटर का मुनाफा हो रहा था जो अब 13-14 रुपए प्रति लीटर होने के आसार हैं।

## 67 फीसदी छात्र ग्रेजुएशन पूरा करने के बाद ही शुरू करना चाहतें हैं 'स्टार्टअप'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

स्टार्टअप्स की की सफलता ने युवाओं के सपनों को नए पंख दिए हैं। देश के अधिकतर युवा अब जीवनभर नौकरी करने की चाहत नहीं रखते है, बल्कि अपनी किस्मत खुद लिखना चाहते हैं। कॉलेज से निकलने वाले अधिकतर युवा (फ्रेशर) अब अपना उद्यम शुरू करना चाह रहे हैं। एआइ आधारित रिक्रूटमेंट ऑटोमेशन फर्म हायर प्रो के अध्ययन में पता चला है कि देश के 67 फीसदी छात्र ग्रेजुएशन पूरा करने के 10 वर्षों के भीतर अपना कारोबार (स्टार्टअप) शुरू करना चाहते हैं। 'कॉलेज दे रहे साथ' रिपोर्ट में कहा गया है कि खुद का उद्यम शुरू करने की युवाओं के इस सपने को कॉलेजों की ओर से भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है और वहां उन्हें उद्यमिता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। सर्वे के मुताबिक, 36 फीसदी से अधिक संस्थान उद्यमिता पर आधारित पाठ्यक्रम पेश करते हैं।

**... इसलिए भी मिलती है सफलता:** टार्टअप के शुरुआती चरण में अधिकतर स्टार्टअप फाउंडर्स के पास पर्याप्त फंडिंग और मैनपावर का अभाव। स्टार्टअप फाउंडर्स के पास कोई मेंटर ही नहीं होता जो बता सके कि कब क्या करना है। फाइनेंस और कानूनी मोर्चे पर मार्गदर्शक का अभाव। अधिककर एंटरप्रेन्योर्स को यह गलतफहमी रहती है कि स्टार्टअप के सफल होने के लिए उत्पाद को लेकर इनकी विशेषज्ञता ही काफी है। स्टार्टअप इकोसिस्टम में कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण बाजार की मांग और जरूरत के हिसाब से प्रोडक्ट डेवलप नहीं करना। प्रोडक्ट कितना भी अच्छा हो, खराब मार्केटिंग स्ट्रैटजी स्टार्टअप को सफल नहीं होने देती।

## मिक्स्ड मार्शल आर्ट: जॉर्जिया की राजधानी में होगी फाइट, संग्राम के सामने होंगे रजा

**नई दिल्ली. एजेंसी**

भारतीय पहलवान संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) में अपनी बहुप्रतीक्षित शुरुआत को तैयार हैं। वह 21 सितंबर को जॉर्जिया की राजधानी त्बिलिसी में होने वाली गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में पाकिस्तान के पहलवान अली रजा नासिर से मुकाबला करेंगे। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता हूं, जहां भारतीय एथलीट अंतरराष्ट्रीय मंच पर गर्व से खड़े हों और मिक्स्ड मार्शल आर्ट में अपना करियर बना सकें।



### भाई से मिली पहलवान बनने की प्रेरणा

संग्राम ने अपने भाई को लड़ते देख पेशेवर पहलवान बनने की ठानी। आर्थराइटिस से पीड़ित होते हुए भी उन्होंने सभी बाधाओं से पार पाते हुए अंतरराष्ट्रीय कुश्ती की राह बनाई। 2012 में उन्हें बेस्ट प्रोफेशनल रेसलर का खिताब मिला। 2015 और 2016 में कॉमनवेल्थ हैवीवेट चैंपियनशिप में भी जीत हासिल की थी।

## बीसीसीआई: बोर्ड की वार्षिक आम बैठक 29 सितं. को

**बेंगलूरु. एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) की 93वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) यहां 29 सितंबर को होगी, लेकिन इस बैठक में बोर्ड के नए सचिव का चुनाव होने की संभावना नहीं है। एजीएम शहर के बाहरी इलाके में अत्याधुनिक एनसीए के उद्घाटन के दौरान ही होगी क्योंकि बोर्ड के सभी सदस्य शहर में मौजूद रहेंगे। एजीएम में बीसीसीआइ के नए सचिव का चुनाव नहीं होगा लेकिन इस बैठक में चुनाव के लिए विशेष बैठक की तारीख तय की जा सकती है। निवर्तमान सचिव जय शाह के सर्वसम्मति से क्रिकेट परिषद का चेयरमैन चुने जाने के बाद नए सचिव की नियुक्ति अनिवार्य हो गई है।

### मंगोलिया 10 रन पर ऑलआउट-यह जॉइंट लोएस्ट स्कोर

## सिंगापुर 5 बॉल में मैच जीता, हर्ष भारद्वाज ने 6 विकेट लिए

**बंगी. एजेंसी**

मंगोलियाई टीम सिंगापुर के खिलाफ 10 रन पर ऑलआउट हो गई है। यह टी-20 इंटरनेशनल का जॉइंट लोएस्ट स्कोर है। पिछले साल आइल ऑफ मैन की टीम भी इसी स्कोर पर ऑलआउट हो चुकी है। टी-20 वर्ल्ड कप के एशियन क्वालिफायर मैच में सिंगापुर ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने मंगोलियाई टीम को 10 ओवर में 10 रन पर ऑलआउट कर दिया। सिंगापुर ने 11 रन का टारगेट महज 5 बॉल में एक विकेट पर हासिल कर लिया। यह मुकाबला महज 65 गेंद ही चला। 17 साल के लेग स्पिनर हर्ष भारद्वाज ने 3 रन देकर 6 विकेट झटके। साथ ही अक्षय पुरी को 2, राहुल और रमेश को एक-एक विकेट मिले। मंगोलियाई टीम इस साल तीसरी बार 20 रन से कम के स्कोर पर ऑलआउट हुई है। इससे पहले टीम 31 अगस्त को हांगकांग के खिलाफ 17 और मई में जापान के खिलाफ 12 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो चुकी है। 11 रन का टारगेट चेज करने उतरी सिंगापुर की टीम ने पारी की पहली बॉल पर विकेट गंवा दिया था। यहां कप्तान मनप्रीत सिंह शून्य पर आउट हुए। उनकी जगह उतरे रॉल शर्मा ने अपनी पहली गेंद पर छक्का जमाया।

## द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स टीम का मुख्य कोच बनने को तैयार

**मुंबई. एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ आइपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स टीम के मुख्य कोच के तौर पर वापसी करेंगे। एक रिपोर्ट के तहत, द्रविड़ ने फ्रेंचाइजी के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और आगामी मेगा नीलामी से पहले खिलाड़ियों को रिटेन करने करने को लेकर बातचीत भी की है।

### टीम के साथ लंबा नाता

द्रविड़ आइपीएल 2012 और 2013 में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान थे। वहीं 2014 और 2015 संस्करण में टीम निदेशक और सलाहकार के तौर पर जुड़े थे। इसके अलावा, टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ भी राजस्थान के साथ जुड़ेंगे। वह टीम के बल्लेबाजी कोच की भूमिका में दिखाई देंगे।

### मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

## 'लगान' के प्रोड्यूसर्स चाहते थे क्लाइमैक्स में मैच न खेलें, ब्रिटिश अधिकारी को चाकू मारे 'भुवन'


आमिर खान ने एक इंटरव्यू में अपने करियर की सुपरहिट फिल्मों में से एक 'लगान' के बारे में बात की थी। आमिर ने बताया कि इस फिल्म के लिए डायरेक्टर आशुतोष गोवारिकर ने सबसे पहले उन्हें अप्रोच किया था पर तब आमिर ने यह फिल्म रिजेक्ट कर दी थी।

### आमिर खान ने कहा- यह फिल्म लीक से हटकर है

एक इंटरव्यू में आमिर ने कहा, 'मैंने आशुतोष से कहा कि स्क्रिप्ट तो बेहद कमाल की है पर मेरे अंदर इसे करने की हिम्मत नहीं है। यह लीक से हटकर है। मैं यह सोचकर भी परेशान था कि मेरे दोस्त आशुतोष को इसके लिए कोई प्रोड्यूसर मिलेगा भी या नहीं?' 2001 में रिलीज हुई लगान, कभी खुशी कभी गम और गदर के बाद साल की तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

### किसी ने भी 'लगान' की स्क्रिप्ट को नहीं स्वीकारा

आमिर ने आगे बताया, 'मेरे मना करने के बाद जब आशुतोष कई प्रोड्यूसर्स के पास यह फिल्म लेकर गए तो कुछ ने उनसे फिल्म का क्लाइमैक्स बदलने की मांग की थी। एक प्रोड्यूसर ने तो यह तक कहा था कि फिल्म के एंड में क्रिकेट खेलने के बजाय आमिर के किरदार भुवन को ब्रिटिश ऑफिसर की चाकू मारकर हत्या करते हुए



दिखाना चाहिए। कुछ वक्त तक आशुतोष कई प्रोड्यूसर्स और एक्टर्स से मिले पर किसी ने भी 'लगान' की स्क्रिप्ट से पूरी तरह स्वीकार नहीं किया।' लगान में आमिर ने भुवन और इंग्लिश एक्टर पॉल ब्लैकथॉर्न ने कैप्टन एंड्रयू रसेल का रोल प्ले किया।

### आमिर ने ना सिर्फ एक्टिंग की, फिल्म प्रोड्यूस भी की

हालांकि, कई लोगों के रिजेक्ट करने के बाद अंत में खुद आमिर ने ही इस फिल्म को साइन किया। उन्होंने आशुतोष को बुलाया और अपने पेरेंट्स के साथ बैठकर फिल्म का नरेशन लिया। इस दौरान आमिर के पेरेंट्स की आंखों से आंसू निकल आए। इसके बाद आमिर ने ना सिर्फ इस फिल्म में एक्टिंग की, साथ ही इसे प्रोड्यूस भी किया था।

## ट्रोल होने पर तमन्ना ने राधा-कृष्ण फोटोशूट की तस्वीरें हटाईं



अभिनेत्री तमन्ना भाटिया जहां एक तरफ 'स्त्री 2' के गाने 'आज की रात' के लिए सराहना प्राप्त कर रही हैं। वहीं, दूसरी ओर वह ट्रोलिंग का भी शिकार हुईं। नेटिजन्स ने जमकर उनकी आलोचना की है। दरअसल, अभिनेत्री ने एक मशहूर फैशन लेबल के लिए राधा-कृष्ण थीम पर फोटोशूट किया, जिसमें वह राधा बनी थीं। नेटिजन्स ने अभिनेत्री पर आरोप लगाया कि जिस उन्होंने राधा को गलत तरीके से पेश किया। हालांकि, आलोचनाओं के बाद अब तमन्ना ने उन तस्वीरों को हटा दिया है। यह सब तब शुरू हुआ जब तमन्ना फैशन डिजाइनर करण तोरानी के अभियान 'लीला- द डिवाइन इल्यूजन ऑफ लव' में दिखाई दीं, जिसमें भगवान कृष्ण और राधा के बीच प्रेम के विभिन्न चरणों को दिखाया गया था। जहां एक तरफ उनकी इन तस्वीरों ने कुछ लोगों को मंत्रमुग्ध किया, वहीं, सोशल मीडिया पर एक वर्ग ने उनके खिलाफ अभियान चलाते हुए आलोचना भी की। यूजर्स ने तमन्ना और डिजाइनरों की जमकर आलोचना की, जिसके बाद उन्हें वह तस्वीरें हटानी पड़ी। एक यूजर ने लिखा कि अपनी बिक्री के लिए हमारी प्यारी राधा रानी और श्रीकृष्ण के सबसे शुद्ध रिश्ते को गलत तरीके से पेश करना बंद करो। वहीं, एक अन्य नेटिजन ने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्हें स्क्रीन पर राधा का किरदार निभाने के लिए रिवीलिंग आउटफिट पहनने के लिए अभिनेत्री की आलोचना करते हुए देखा जा सकता है। जैसे ही ऑनलाइन बैकलैश और अभियान ने जोर पकड़ना शुरू किया, तमन्ना और लेबल तोरानी दोनों ने अपने-अपने सोशल मीडिया हैंडल से फोटो और वीडियो हटा दिए।



## पहली फिल्म के बाद मां हेमा से तुलना किए जाने पर निराश थीं ईशा देओल, बोलीं- दबाव महसूस हुआ

फिल्म स्टार हेमा मालिनी और धर्मेंद्र की बेटी ईशा देओल ने 2000 के दशक की शुरुआत में काफी उम्मीदों के बीच उन्होंने अपनी फिल्मी शुरुआत की। अब ईशा ने बताया कि उन्हें ज्यादा दबाव महसूस नहीं हुआ, जब उन्होंने अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं, उस वक्त वह अपने माता-पिता की विरासत को आगे बढ़ाने के बारे में सोच रही थीं, लेकिन जैसे ही वे फिल्में रिलीज हुईं, वे दर्शकों की प्रतिक्रियाओं से काफी शॉक्ड थीं। आइए जानते हैं कि ईशा ने क्या कहा है। अपने हालिया इंटरव्यू में ईशा ने याद किया कि अक्सर उनकी तुलना उनकी मां हेमा मालिनी से की जाती थी, जो लंबे समय से सुपरस्टार थीं और उन्हें लगता था कि यह तुलना गलत है क्योंकि उन्होंने अभी-अभी अपना करियर शुरू किया था। उनकी पहली फिल्म 2002 में आई 'कोई मेरे दिल से पूछे' थी। ईशा ने कहा कि वह फिल्मों में काम शुरू करने को लेकर बहुत उत्साहित थीं, लेकिन फिल्मों के रिलीज होने और चीजें लिखे जाने के बाद दबाव बढ़ने लगा। तब मुझे लगा कि वे मेरी पहली फिल्म में मेरी तुलना मेरी मां से कर रहे हैं, जिन्होंने 200 फिल्में की हैं और वे मेरे बेबी फैट के बारे में बहुत कुछ कहते थे। ईशा ने बताया कि लोग कहते थे, उनमें बहुत ज्यादा बेबी फैट है मेरे पास था। मैं 18 साल की थी, वो मेरे गाल थे, लेकिन मैं उन भूमिकाओं में क्यूट लग रही थी, जिस तरह की भूमिकाएं मैंने कीं, मुझे लगा कि वे अच्छी लग रही हैं। ईशा ने कहा कि इस तरह की टिप्पणियां मिलने के बाद, उन्होंने अपनी मां से बात की, जिन्होंने उनसे इस पेशे में बने रहने के बारे में दोबारा सोचने के लिए कहा, क्योंकि मनोरंजन व्यवसाय में टिके रहने के लिए व्यक्ति की चमड़ी मोटी होनी चाहिए। हेमा मालिनी ने बेटी से कहा, सिर्फ लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करो, यह उसका हिस्सा बनने जा रहा है, तुम मेरी बेटी हो, लगातार तुलनाएं होती रहेंगी।

# दसवीं की छात्रा से युवक ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

## परिजन के साथ बजरंगी पहुंचे थाने, दर्ज करवाई एफआईआर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में दसवीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गांव में रहने वाले एक युवक ने उसे फार्म हाउस पर बुलाया था और वहां दुष्कर्म किया। परिजन को घटना की जानकारी छात्रा ने दी। इसके बाद गुरुवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। परिजन के साथ बजरंग दल के जिला संयोजक और कार्यकर्ता भी थाने पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो और एट्रोसिटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 15 साल की किशोरी दसवीं कक्षा में पड़ती है। गांव में रहने वाले तीस साल के इरफान से उसकी पहचान थी। वह इरफजान को चाचा कहकर बुलाती थी। गत 28 अगस्त को छात्रा अपने स्कूल पहुंची। लंच की छुट्टी के समय वह मैदान में खेल रही थी। तभी इरफान पहुंचा और कहने लगा कि तुम्हारा कुछ सामान मेरे फार्म हाउस पर रखा है। उसे लेकर जाना। छात्रा सामान लेने के लिए इरफान के फार्म हाउस पर पहुंची तो उसने कमरे का दरवाजा बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा ने उसका विरोध किया तो वह जान से खत्म करने की धमकी देने लगा। इतना ही नहीं उसने जाति सूचक शब्द कहे। डरी-सहमी पीड़िता ने स्कूल में इसकी शिकायत नहीं की और घर चली गई। अगले दिन उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन ने उससे पूछताछ की। उसने बताया कि इरफान ने उसके साथ गंदी हरकत की है। तबीयत में सुधार होने पर परिजन उसे लेकर लेकर थाने पहुंचे, वहां छात्रा ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### 'डरे हुए हैं परीजन'



घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। जिला संयोजक सुनील सोनी ने बताया कि परिजन और बच्ची डरी हुई थी। उन्हें शिकायत करने का कहा गया और उनके साथ वे कार्यकर्ता को लेकर थाने पहुंचे थे।

# छतरपुर के हाजी शहजाद को भोपाल जेल किया शिफ्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

छतरपुर को कोतवाली थाने में हुए पत्थरबाजी कांड में मुख्य आरोपी रहा हाजी शहजाद अली को सेंट्रल जेल भोपाल शिफ्ट किया गया है। इसकी वजह यह बताई जा रही कि छतरपुर जेल में शहजाद माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षा के लिहाज से उसे भोपाल जेल में शिफ्ट कर दिया गया। जेल अधीक्षक राकेश बांगरे ने बताया कि 3 सितंबर को उसे लाया गया है। उसे अलग बैरक में रखा गया। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। जेल अधीक्षक ने बताया कि अलग बैरक में रखने की वजह बताई कि उसके आचरण की अभी जानकारी नहीं है। इसलिए अलग रखा गया है। बतादें, छतरपुर थाने के बाहर जमा 500 से अधिक लोगों की भीड़ ने थाने पर पथराव कर दिया था, जिनमें थाना प्रभारी समेत 4 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पथराव कांड के बाद फरार मुख्य आरोपी हाजी शहजाद अली को छतरपुर पुलिस ने उस दौरान गिरफ्तार कर लिया था जब वह सरेंडर करने कोर्ट जा रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद छतरपुर प्रशासन ने शहजाद के घर को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया था। शहजाद कांग्रेस का नेता है। विपक्षी दल कांग्रेस ने बुलडोजर की कार्रवाई पर सवाल उठाया था। शहजाद के अलावा गिरफ्तार अन्य आरोपियों को भी छतरपुर से अलग जेलों में शिफ्ट किया जा रहा है।

## अवैध शराब के साथ पकड़ाया युवक

**भोपाल।** नजीराबाद पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खेड़ली मजीदगढ़ में रहने वाला सोनू तंवर (27) अपनी दुकान से अवैध शराब बेच रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो सोनू ने इधर-उधर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर दुकान में रखे कार्टून में 20 क्वार्टर देशी शराब और 12 बीयर की बोतलें जब्त हुइ। जब्त हुई अवैध शराब की कीमत 3200 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। इसी प्रकार गोविंदपुरा पुलिस ने बरखेड़ा के पास रोहित को पकड़कर उसके पास अवैध रूप से रखी 18 क्वार्टर देशी शराब जब्त की है। जब्त हुई शराब की कीमत 13 सौ रुपए बताई गई है। उसके खिलाफ भी आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# जहरीला पदार्थ पीकर महिला ने की आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित इमलिया स्वरूप में एक महिला ने जहरीला पदार्थ पी लिया। पति उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया लेकर पहुंचा, वहां हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टर ने हमीदिया अस्पताल ले जाने की सलाह दी। पति उसे हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पार्वती कुशवाह पति जगन्नाथ कुशवाह (40) वार्ड नंबर-12, बैरसिया में रहतीड़थी। उनका इमलिया स्वरूप गांव में खेत है। खेत में फसल लगी होने के कारण दंपती अपने बेटे को वार्ड नंबर-12 वाले निवास पर परिजन के साथ छोड़कर इमलिया स्वरूप खेत वाले टपरे में रह रहे थे। जगन्नाथ ने पुलिस को बताया कि मंगलवार शाम पार्वती ने साथ खाना खाया था। इसके बाद दोनों टपरे पर सोने की तैयारी कर रहे थे। रात करीब दस बजे के आसपास



पार्वती उल्टियां करने लगी। जगन्नाथ ने उससे उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि गेहूं में रखने वाली गोली खा ली है। जगन्नाथ पत्नी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने बताया कि पार्वती की हालत नाजुक है और उसे हमीदिया अस्पताल ले जाना पड़ेगा। जगन्नाथ पार्वती को लेकर हमीदिया पहुंचा, तब तक देर हो चुकी थी।

### पारिवारिक विवाद के कारण पीया जहर

पुलिस ने बताया कि दंपती खेत वाले मकान में रहते थे। घर और खेत पर काम की बात को लेकर दोनों में अक्सर कहासुनी होती थी। अनुमान है कि काम की बात को लेकर ही उनके बीच कहासुनी हुई थी और पार्वती ने गुस्से में यह कदम उठा लिया।

## पांच मिनट में चोरी हो गई मोटर साइकिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



नजीराबाद इलाके में मेडिकल की दुकान के सामने खड़ी मोटर सायकिल 5 मिनट के अंदर चोरी हो गइ। तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गइ। पुलिस के मुताबिक राजू मीणा (32) ग्राम बाजपुरा थाना मलावर जिला राजगढ़ का रहने वाला है। पिछले दिनों वह अपनी मोटर सायकिल पर बहनोई महेश मीणा को बिठाकर बैरसिया छोड़ने के लिए जा रहा था। रास्ते में सिरदर्द होने लगा तो ग्राम रुनाहा रोड पर उसने मेडिकल स्टोर के सामने बाइक खड़ी की। चाबी को बाइक में लगी छोड़कर वह दुकान पर दवाई लेने चला गया। करीब 5 मिनट बाद वापस लौटा तो बाइक गायब हो चुकी थी। काफी तलाश करने के बाद भी जब बाइक का कुछ पता नहीं चला तो नजीराबाद थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## पुरानी रंजिश पर भाइयों के साथ मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



बिलखिरिया में रहने वाले भाइयों के साथ मोहल्ले के एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मुताबिक गौरव रावत (34) आदमपुर बिलखिरिया में रहता है और खेती किसानी करता था। बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने छोटे भाई नीरज रावत के साथ घर के बाहर बैठा हुआ था। उसी सयम मोहल्ले में रहने वाला राकेश रावत पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। गौरव ने जब गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट कर दी। छोटे भाई ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट की। चिल्लाचोट की आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर निकले तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सफर के दौरान 2 महिलाओं के पर्स-मोबाइल चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ट्रेनों में सफर के दौरान दो महिलाओं को पर्स चोरी हो गए। पर्स के अंदर तीन मोबाइल फोन और नकदी समेत हजारों रुपये कीमत का सामान रखा हुआ था। जीआरपी ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार फरियादी सूजल पिछले दिनों अपने परिवार के साथ यशवंतपुर एक्सप्रेस में इंदौर से नांदेड़ की यात्रा कर रहे थे। उज्जैन में खाना खाने के बाद वह अपनी सीट पर सो गए थे। पत्नी का पर्स उन्होंने अपने पास साईड में रखा था। जब उनकी नींद खुली तो ट्रेन भोपाल के आउटर पर खड़ी थी। इस दौरान देखा तो पत्नी का पर्स चोरी हो चुका था। पर्स के अंदर 18 हजार और 16 हजार रुपए कीमत के 2 मोबाइल, दोनों के आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी समेत अन्य सामान रखा था। इसी प्रकार इंदौर निवासी सुजाता कोष्टी अपने परिवार के साथ इंदौर भोपाल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में भोपाल की यात्रा कर रही थी। उन्होंने सोते समय अपना पर्स सिरहाने रख लिया था. संत हिरदाराम नगर स्टेशन से ट्रेन रवाना हुई तो उनका पर्स चोरी हो चुका था। पर्स में 15 हजार रुपये कीमत का एक मोबाइल, डेढ़ हजार रुपए नकद और अन्य सामान रखा हुआ था। सभी मामलों में केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जेब से 7 हजार और दस्तावेज चोरी

**भोपाल।** छत्तीसगड़ चौकी निवासी पवन नयन शर्मा सीहोर के कुबेरेश्वर धाम दर्शन करने पहुंचे थे। वापस घर जाने के लिए वह सीहोर स्टेशन की टिकट खिड़की पर टिकट खरीद रहे थे, तभी किसी ने उनकी जेब से रखी पोलीथिन चोरी कर ली। पोलीथिन में 7 हजार रुपए नकद, डेबिट कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विकलांगता सर्टिफिकेट, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य दस्तावेज रखे हुए थे. जीआरपी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## हरतालिका तीज आज



भोपाल, दोपहर मेट्रो। न्यू मार्केट में हरतालिका तीज के व्रत को लेकर खरीदारी करती महिलाएं।

## घर के सामने खड़ी 22 लाख की कार चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ इलाके में घर के सामने खड़ी 22 लाख की कार चोरी चली गई। पुलिस के मुताबिक आशीष कुमार दुबे कमला नगर में रहते हैं और गवर्नमेंट सप्लायर हैं। बीती 2 सितंबर को उन्होंने अपनी कार खजूरी सड़क के पास स्थित एक वर्कशाप पर खड़ी की और काम से उज्जैन चले गए। शाम को वर्कशाप के संचालक ने उनकी कार बैरागढ़ स्थित जैन मंदिर के पास अपने घर के सामने लाकर खड़ी कर दी। अगली सुबह देखा तो कार नहींथी। आशीष वर्कशाप पहुंचे तो उन्हें कार चोरी का पता चला, जिसके बाद उन्होंने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार चंचल चौराहा स्थित शिवमंदिर के पास खड़ी आयुष दुबे की कार से चोर लैपटाप का चार्जर, केबिल, स्वीप मशीन समेत हजारों का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# गेट पर बैठे युवक का मोबाइल लूटा पकड़ने के प्रयास में गिरकर घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



पंचवेली एक्सप्रेस के गेट पर बैठकर यात्रा कर रहे एक युवक का बदमाश ने मोबाइल लूट लिया। बदमाश को पकड़ने के लिए ट्रेन से उतरते समय फरियादी के सिर में गंभीर चोट आई है। जीआरपी ने अज्ञात लुटेरे पर प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बैतूल निवासी हिमांशु चड़ोकर पंचवेली एक्सप्रेस के जनरल कोच में इंदौर से बोरदेही की यात्रा कर रहे थे। वह ट्रेन के गेट पर बैठे हुए थे। औबेदुल्लागंज रेलवे स्टेशन आने से पांच मिनट पहले ट्रेन काफी धीमी रफ्तार से चल रही थी। इसी बीच नीचे खड़े एक बदमाश ने उनके हाथ से आईफोन छीन लिया और दौड़ लगा दी। उसे पकड़ने के लिए हिमांशु भी ट्रेन से कूद पड़े, लेकिन बदमाश अंधेरे में भाग निकला। लूटे गए मोबाइल की कीमत 26 हजार रुपये बताई गई है। इधर ट्रेन से कूदते समय हिमांशु के सिर में गंभीर चोट लग गई। वह औबेदुल्लागंज थाने पहुंचे तो पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। उसके बाद हिमांशु ने रानी कमलापति जीआरपी जाकर लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई।

## डॉक्टर के साथ युवक ने की अड़ीबाजी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कमला नगर में क्लीनिक चलाने वाले एक डाक्टर के साथ युवक ने अड़ीबाजी की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक डॉक्टर समीर उल्ला शाह (29) प्रेमपुरा में रहते हैं और क्लीनिक चलाते हैं। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे वह अपनी क्लीनिक पर थे, तभी मोहल्ले में रहने वाला अनुराग सिंह पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा। डाक्टर ने पैसे देने से इंकार किया तो उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी और क्लीनिक के गल्ले में हाथ डालकर सामान फैला दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** | **सूखी सेवनिया इलाके में हुआ हादसा**

# कार की टक्कर से बाइक सवार 2 युवक गंभीर घायल


**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखी सेवनिया इलाके में एक तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर से बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गइ। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक नीतेंद्र शर्मा (30) मूलत-सिविल लाईन छतरपुर का रहने वाला है। फिलहाल वह रेलवे स्टेशन सूखी सेवनिया के पास अपार सिटी में किराए से रहता है। बुधवार की शाम करीब सवा सात बज नीतेंद्र अपने दोस्त शैलेंद्र धाकड़ के साथ सूखी सेवनिया मार्केट से अपने घर लौट रहा था। यशवी अस्पताल के पास पीछे से आ रही सफेद रंग की एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने नीतेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी और भानपुर भोपाल की तरफ भाग निकली। टक्कर लगने से बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और नीतेंद्र तथा शैलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों के हाथ-पैर और शरीर में चोट आई है। पुलिस टक्कर मारने वाले कार चालक की तलाश कर रही है। बाइक की टक्कर से 2 लोग घायल इधर नजीराबाद इलाके में एक तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दो लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक मांगीलाल सिलावट राजगढ़ में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि बीती 24 अगस्त को उनके गांव का रामबाबू सिलावट और प्रहलाद सिलावट एक बाइक पर सवार होकर रुनाहा से अपने गांव लौट रहे थे। मंगलगड़ के पास सामने से आ रहे मोटर सायकिल चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मांगीलाल ने दोनों को इलाज के लिए भोपाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। बुधवार को उन्होंने थाने जाकर एक्सीडेंट की रिपोर्ट दर्ज कराई।




## इधर, एक्सीडेंट में स्कूटर सवार युवती घायल

बैरसिया इलाके में एक चार पहिया वाहन ने स्कूटर सवार युवती को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल युवती को इलाज के लिए बैरसिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक जितेंद्र सिंह राजपूत (25) ग्राम पीपलखेड़ी बैरसिया में रहता है और खेती किसानी करता है। बुधवार की शाम को वह अपने दोस्त के साथ मोटर सायकिल से गांव से बैरसिया की तरफ जा रहा था। उसके आगे उसकी बहन पूजा अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटर से चल रही थी। पूजा जैसे ही ग्राम दरबाजी के पास पहुंची, वैसे से ही सामने से आ रहे एक चार पहिया वाहन ने उसकी स्कूटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पूजा स्कूटर समेत गिर गई जिससे उसे गंभीर चोट आइ। जितेंद्र ने बहन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में थाने जाकर टक्कर मारने वाले वाहन चालक के खिलाफ एक्सीडेंट के केस दर्ज करवाया।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022